RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस


वर्ष : 27 | अंक : 92 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 24 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# देश के विकास को नई दिशा दे रहा है उत्तर प्रदेश

## योगी सरकार के 8 साल पूरे

## मुख्यमंत्री ने रखा प्रदेश के विकास का रिपोर्ट कार्ड





**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ साल पूरे हो गए हैं। सरकार के 8 साल पूरे होने पर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हममें से ज्यादातर लोग जानते हैं कि 8 साल पहले यूपी की स्थिति और पहचान क्या थी। 8 साल पहले यूपी के इंफ्रास्ट्रक्चर और अर्थव्यवस्था की हालत छिपी नहीं थी। उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट था, किसान आत्महत्या कर रहे थे, युवा संघर्ष कर रहे थे, बेटियां और व्यापारी असुरक्षित थे और दंगों और ध्वस्त कानून व्यवस्था की वजह से लोग खराब अर्थव्यवस्था को बर्दाश्त कर रहे थे। राज्य और मशीनरी आज भी वही है, लेकिन हम देख सकते हैं कि कैसे सरकार बदलने से बड़े बदलाव हो सकते हैं। आज उत्तर प्रदेश देश के विकास को नई दिशा दे रहा है। प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बन गया है।

उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पत्रकार वार्ता की। इस मौके पर उन्होंने सरकार के आठ वर्षों की उपलब्धियों पर जारी एक पुस्तिका का विमोचन किया। इसके बाद सरकार की 'सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति' पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी जारी की।

इस मौके पर सीएम योगी ने समर्थन देने के लिए आमजनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आठ वर्षों में किसान के उत्थान के लिए, बेरोजगारों को रोजगार देना, परंपरागत उद्यमिता को आगे बढ़ाया गया, मातृशक्ति के स्वावलंबन के लिए जो कार्य किए गए। इसके लिए जनपद मुख्यालयों में तीन दिन दिवसीय कार्यक्रम चलाए जाएंगे। लोगों को इसके बारे में जानकारी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले दंगे, आतंक को लोगों ने देखा। आठ वर्ष पहले यूपी बीमारू राज्य माना जाता था। आज वही प्रदेश अर्थ शक्ति के रूप में उभरा है। पहले यूपी विकास का ब्रेक माना जाता था। आज वही प्रदेश विकास का उदाहरण बनकर उभरा है।

सीएम ने कहा कि 2017 से पहले किसान आत्महत्या करता था। जिस प्रदेश में तकनीकि का उपयोग करके किसान को समृद्ध बनाया जाना चाहिए था, वहां पर किसानों के लिए कुछ नहीं किया गया। आज प्रदेश की जीडीपी में 28 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। आज किसानों को किसान सम्मान निधि को माध्यम से करोड़ों रुपये सीधे खाते में भेजे गए। **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

### देश का ग्रोथ इंजन बना प्रदेश

भाजपा सरकार के 8 वर्षों की उपलब्धियों पर सीएम योगी ने कहा कि आज यूपी देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। उत्तर प्रदेश हर सेक्टर में आगे चल रहा है। कृषि के क्षेत्र में यूपी देश में अव्वल नंबर पर है। यूपी की GDP में 28 फीसदी का इजाफा हुआ है। किसानों के खाते में पैसा सीधे ट्रांसफर किया गया है और सरकार ने किसानों का कर्ज माफ किया है।

### 8 साल बेमिसाल

- जेवर एयरपोर्ट का निर्माण
- राम मंदिर का निर्माण
- 7 जिलों में कमिश्नरेट व्यवस्था
- 222 अपराधी मुठभेड़ में ढ़ेर, 8118 घायल
- यूपी में अभी 6 एक्सप्रेस-वे चल रहे हैं।
- 11 एक्सप्रेस-वे पर हम काम कर रहे हैं।
- सबसे बड़ा रेल नेटवर्क, सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क।
- सामूहिक विवाह योजना में अब 1 लाख रुपये मिलेंगे
- मातृ वंदना योजना से 60 लाख महिलाओं को लाभ
- कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की सुविधा
- ओडीओपी योजना शुरू करने वाला यूपी पहला राज्य
- 8 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी दी
- 50 लाख से अधिक युवाओं को सक्षम बनाया
- प्रदेश में 10 नए राज्य विश्वविद्यालय बने
- 2.62 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि
- आयुष्मान योजना से फ्री इलाज मिल रहा
- 56 लाख गरीबों को आवास उपलब्ध कराया

### किसानों को समृद्ध बनाया

प्रदेश में सिंचाई की व्यापक व्यवस्था की गई। हमने प्रदेश में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापिक किए। कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की। इसका नतीजा हुआ कि दलहनी, तिलहनी फसलों के साथ अन्य फसलों का उत्पादन बढ़ा। पहले चीनी मिलें बंदी की कगार पर थीं। करोड़ों रुपये किसानों का बकाया था। हमने इसमें बदलाव किया। हमने चीनी मिलें बंद होने नहीं दीं। साथ ही छह मिलें स्थापित कीं।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आज 177 लाख लीटर एथेनाल का उत्पादन प्रदेश में हो रहा है। हमने 14 लाख निजी नलकूपों को बिजली की नि:शुल्क व्यवस्था देकर किसानों को समृद्ध बनाया। सरकार ने 2023-24 में गेहूं की खरीद के पहले करीब ढाई गुना खर्च किया। धान के क्रय में पहले की सरकारों की अपेक्षा 2017-2024 के बीच पांच गुना अधिक धान का मूल्य डीबीटी से किसानों के खाते में भेजी गई।

## वाइनशॉप में लगी आग



**गाजियाबाद (ब्यूरो)।** देर रात गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन की वाइनशॉप में आग लग गई, जिससे पूरी वाइनशॉप जल कर तबाह हो गई, मौके पर दमकल की करीब आधा दर्जन गाड़ियों ने आग पर काबू किया।

पुलिसकर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचे पत्रकारों को रिपोर्टिंग करने से रोका क्योंकि पुलिस की मिलीभगत से घटनास्थल शराबियों का अड्डा बन गया है।

जानकारी के मुताबिक समय 01:16 बजे चार्ली-1 के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि राजनगर एक्सटेंसन मॉडल शाप की दुकान में आग लगी है। सूचना प्राप्त होते ही फायर स्टेशन कोतवाली से एफएसओ सहित कोतवाली से 2 फायर टैंकर घटना स्थल के लिए रवाना हुआ मौके पर जाकर देखा तो आग विकेड वाईन शॉप राजनगर एक्सटेंसन में आग जल रही थी।

फायर सर्विस यूनिट ने होज पाइप फैलाकर आग को बुझाना आरम्भ किया आग की विकरालता को देखते हुए फायर स्टेशन से 2 और फायर टैंकर मंगवाए व आग पर कैमिकल फ़ोम का प्रयोग कर आग बुझाई गई। घटना में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। दुकान मालिक संजय कुमार ने बताया कि आग से लाखों रूपये का नुकसान हुआ है।

## जस्टिस यशवंत वर्मा से न्यायिक कार्य वापस लिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आवास पर नकदी मिलने के मामले में जांच का सामना कर रहे दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से दिल्ली हाई कोर्ट ने न्यायिक कार्य वापस ले लिया है।

सुप्रीम कोर्ट प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने जस्टिस वर्मा के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच का आदेश देते हुए उन्हें न्यायिक कार्य वापस लेने का दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को आदेश दिया था।

जस्टिस वर्मा पर आगे की कार्रवाई दूसरे चरण की जांच से तय होगी। सीजेआई ने जस्टिस यशवंत वर्मा पर आरोपों की जांच के लिए 3 सदस्यीय पैनल गठित किया। वहीं, जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर मिले कैश के मामले पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बैठक बुलाई है।

दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास में बेहिसाब नकदी मिलने के मामले में रोज नई-नई जानकारी सामने आ रही हैं। रविवार को तुगलक रोड स्थित उनके सरकारी आवास के बाहर 500-500 रुपये के कई जले हुए नोट पाए गए। ये नोट सूखे पत्तों के बीच मिले हैं।

## हिंडन से जम्मू के लिए फ्लाइट शुरू




**गाजियाबाद (ब्यूरो)।** हिंडन हवाई अड्डे से सोमवार को जम्मू के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू हुई। फ्लाइट चेन्नई से 78 यात्रियों को लेकर हिंडन पहुंची और यहां से 84 यात्रियों को लेकर सुबह साढ़े नौ बजे जम्मू के लिए रवाना हो गई।

वहीं दोपहर 1:05 बजे जम्मू से फ्लाइट वापस आई और हिंडन पर 90 यात्रियों को छोड़ा। अब 30 मार्च को भुवनेश्वर के लिए हवाई सेवा शुरू की तैयारी में अधिकारी जुट गए हैं।

जम्मू के लिए जाने वाली पहली फ्लाइट चेन्नई से 78 यात्रियों को लेकर हिंडन हवाईअड्डे पर पहुंची थी। चेन्नई से जम्मू को जाने वाली फ्लाइट का हिंडन हवाई अड्डा कनेक्टिंग बिंदु है। यहां से जम्मू के लिए सीधा हवाई सफर तय किया जाएगा। घूमने के शौकीन हों या कारोबारी अब जम्मू के लिए कम समय में बेहतर सफर मिल सकेगा।

## हॉस्टल संचालक से दो करोड़ की रंगदारी मांगने वाला बदमाश घायल



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के थाना नालेज पार्क पुलिस ने एक निजी हॉस्टल संचालक पर फायरिंग करने और 2 करोड की रंगदारी मांगने के मामले में फरार चल रहे 15 हजार का इनामी बदमाश को एनकाउंटर के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है. आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस और चोरी की बिना नम्बर प्लेट हीरो स्पलेन्डर मोटर साईकिल बरामद की गयी है।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि देर रात थाना नॉलेज पार्क पुलिस गुर्जरपुर रेलवे अण्डरपास के पास चैकिंग कर रही थी, तभी सामने से बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिल से एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। जिसको रूकने का ईशारा किया गया, लेकिन पुलिस को देख वह नहीं रूका और पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने लगा। पुलिस पार्टी की जवाबी कार्यवाही में आरोपी पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया. पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बदमाश की पहचान मुजफ्फरनगर निवासी आकाश कुमार राणा के रूप में हुई है।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया कि आकाश कुमार राणा ने 22 फरवरी को योजनाबद्ध तरीके से अपने साथी के साथ मिलकर एक निजी हॉस्टल अन्नपूर्णा संचालक गौरव गिरी के ऊपर फायरिंग कर, मौके से भाग गया था. और बाद जंकी एप्प के माध्यम से 2 करोड रूपये की रंगदारी की मांग की थी।

आकाश के साथी सोनू उर्फ हर्देश, पीके भाटी उर्फ कौशल भाटी, अर्चित और दीपक नागर को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आकाश फरार चल रहा था, और उसके उपर डीसीपी ग्रेटर नोएडा ने 15 हजार रूपये का इनाम घोषित किया था।

## ग्रेटर नोएडा में 20 हजार लोग पानी को तरसे



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के दो सेक्टरों में रहने वाले 20 हजार लोग पानी के लिए तरस गए हैं। सेक्टर अल्फा एक और अल्फा दो में पानी की सप्लाई को लेकर लगभग 20 हजार लोग परेशान हैं। आलम यह है कि पानी की सप्लाई बंद होने के 24 घंटे बाद भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग की टीम लीक हुए पानी के मुख्य पाइप लाइन को नहीं ढूंढ पाई है। अधिकारियों के द्वारा दावा किया जा रहा है कि सोमवार को दिन में पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। ऐसे में लोगों को अभी और परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

सेक्टर अल्फा एक और अल्फा दो में पानी की सप्लाई शनिवार रात लगभग 8 बजे से नहीं हो रही है। जिसका कारण है कि अल्फा दो गोलचक्कर के पास पानी के सप्लाई की मुख्य पाइप लाइन फट गई थी। विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का आलम यह रहा कि 20 हजार लोगों की परेशानी को देखते हुए तत्काल काम शुरू कराने की बजाए रविवार सुबह मौके पर मशीनरी व कर्मचारी पहुंचे। रविवार रात लगभग 7 बजे तक मुख्य पाइप लाइन तक खुदाई **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

## माता पन्नाधाय और गुर्जर समाज को असली सम्मान देने में चूक गए मौर्या !

### लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर को पहनाया होता नया कुर्ता तो होता असली सम्मान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।**

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के दादरी नगर के पास बंमबावड गाँव में रविवार को एक बड़ा आयोजन हुआ। कहने को तो यह आयोजन प्रसिद्ध वीरांगना माता पन्नाधाय के सम्मान में था किन्तु इस आयोजन का मुख्य मक़सद गुर्जर समाज को सम्मानित करना तथा गुर्जर समाज के लिए मान सम्मान को आगे बढ़ाने का था। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में **चेतना मंच** के प्रतिनिधि कपिल शर्मा ने इस आयोजन पर एक विस्तृत विश्लेषण रिपोर्ट लिखी है यहाँ हम ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के दादरी नगर के पास हुए इस आयोजन का लेखा जोखा आपके सामने रख रहे हैं। ख़ास बात ये है कि ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण आयोजन पर सभी राजनेताओं तथा गुर्जर समाज के सभी जागरूक नागरिकों की पूरी नज़र टिकी हुई थी। देश भर में ग्रेटर नोएडा के दादरी को गुर्जर समाज की राजधानी के नाम से जाना जाता है। समाज की इसी राजधानी दादरी के बंबावड़ गांव में रविवार को माता पन्नाधाय का जन्म जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुर्जर समाज के तमाम बड़े नेताओं और हजारों लोगों की मौजूदगी में प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद **(शेष पृष्ठ-4 पर)**



### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने थमाया नंदकिशोर गुर्जर को नोटिस

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने लोनी से भाजपा विधायक नन्दकिशोर गुर्जर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भाजपा विधायक नन्दकिशोर गुर्जर को कारण बताओ नोटिस जारी किया। कारण बताओ नोटिस में नन्दकिशोर गुर्जर से स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है कि पिछले कुछ समय से आपके द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर सरकार की आलोचना की जा रही है एवं आपके वक्तव्यों व कृत्यों से पार्टी की प्रतिष्ठा को आघात पहुंच रहा है, जो कि अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार आपको सूचित किया जाता है कि इस पत्र प्राप्ति के 7 दिन के अन्दर स्पष्टिकरण दें, कि क्यों न आपके विरुद्ध आनुशासनहीनता की कार्यवाही की जाए।

### गुर्जर नेताओं में नहीं लिया नंद किशोर गुर्जर के फटे हुए कुर्ते का संज्ञान

पूरे कार्यक्रम में मंच पर रहे किसी भी बड़े गुर्जर नेता ने नंदकिशोर गुर्जर के दर्द को लेकर अपने भाषण में एक लाइन तक बोलना जरूरी नहीं समझा। लेकिन सबके बाद में जब प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या बोले तो उन्होंने अपने भाषण में कहा कि नंदकिशोर गुर्जर एक क्रांतिकारी विधायक है और वह हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाता है। लेकिन आज गाजियाबाद में उसके खिलाफ अन्याय हुआ है। इसकी आवाज को मैं जरूरत पड़ी तो प्रधानमंत्री तक भी पहुंचाउंगा। इसी बीच कार्यक्रम में मौजूद लोगों में जोश भर आया और लोगों ने जमकर जिंदाबाद के नारे लगाए और नंदकिशोर गूर्जर को नया कुर्ता पहनाने की अपील की। लेकिन लोगों की उस अपील पर ना तो मंच पर मौजूद गुर्जर समाज के नेताओं ने ही ध्यान दिया और और ना ही भाषण दे रहे डिप्टी सीएम ने ही नंदकिशोर को नया कुर्ता पहनाना आवश्यक समझा। वहीं दूसरी और तकरीबन उसी समय बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के द्वारा नंदकिशोर गुर्जर को सरकार के खिलाफ बयानबाजी करने को लेकर कारण बताओ नोटिस भी जारी कर दिया गया। जिसके बाद कार्यक्रम में मौजूद रहे लोग यह कहते हुए अपने घरों को लौट गए कि यदि आज केशव प्रसाद मौर्या हमारे नंदकिशोर गुर्जर को कुर्ता पहना गए होते तो वो पूरे गुर्जर समाज और माता पन्नाधाय का असली सम्मान होता।

## किसानों का नुकसान

लंबे समय से हरियाणा के किसान घटिया बीज व कीटनाशक बाजार में बेचे जाने के आरोप लगाते रहे हैं। जिसके चलते उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था। एक तो इस बाबत बने कानून सख्त नहीं थे। वहीं निगरानी करने वाले तंत्र की काहिली भी मिलावटी कृषि इनपुट बेचने वालों के हौसले बुलंद कर रही थी। इस दिशा में हरियाणा सरकार ने सार्थक पहल की है। हरियाणा सरकार ने बीज अधिनियम, 1966 और कीटनाशक अधिनियम, 1968 में संशोधन करके नकली उत्पाद बेचने वाले अपराधी तत्वों पर नकेल कसने की कोशिश की है। निश्चय ही घटिया कृषि उत्पादों को रोकने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। दरअसल, नकली बीजों और घटिया कीटनाशकों के कारण किसानों को भारी नुकसान होने की रिपोर्ट बार-बार आ रही थी। जिसके आलोक में यह कदम सरकार ने उठाया है। इस सार्थक पहल में कड़े प्रावधानों के जरिये ऐसे अपराध को संज्ञेय और गैर जमानती बनाया गया है। यदि कोई व्यक्ति बार-बार ऐसा अपराध करता पाया जाता है तो उसके लिये सजा को कड़ा किया गया है। उल्लेखनीय है कि कई बार ऐसी करतूत करने वालों के लिये तीन साल की कैद और पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। यह कदम महत्वपूर्ण है क्योंकि पुराने कानून में सिर्फ पांच सौ रुपये से कम का जुर्माना निर्धारित था। जिसके चलते अपराधियों में किसी तरह का कानून का डर नहीं रह गया था। जिसके चलते कानून ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने में सक्षम नजर नहीं आ रहा था। उल्लेखनीय है कि सख्त कानून के अभाव और नियामक तंत्र की कोताही के चलते लंबे समय से किसान ठगी के बाजार का खामियाजा भुगत रहे थे। हाल का एक चौंकाने वाला मामला टोहाना में प्रकाश में आया, जिसमें नकली कीटनाशकों के छिड़काव के चलते 60 एकड़ के खेतों में खड़ी धान की फसल नष्ट हो गई थी। इस प्रकार के नुकसान के स्तर से पता चलता है कि धांधली किस स्तर पर की जा रही है। वहीं दूसरी ओर सिरसा में भी ऐसा ही मामला प्रकाश में आया था, जहां किसानों को बिना उचित लेबलिंग के नकली उत्पाद बेचकर धोखा दिया गया। ये घटनाएं इस बात की आवश्यकता बता रही थी कि सरकार इस दिशा में तत्काल हस्तक्षेप करे। निश्चित रूप से नकली उत्पादों की बिक्री से किसानों को होने वाला नुकसान चौंकाने वाला है। वहीं दूसरी ओर किसानों द्वारा लाखों रुपये नुकसान होने पर जब रिपोर्ट दर्ज करायी जाती थी तो अकसर अपराधी मामूली दंड के साथ बच निकलते थे। उनकी धांधली की गतिविधियां फिर दूसरी जगह शुरू हो जाती थी। यही वजह थी कि पीड़ित किसानों को पर्याप्त मुआवजा या कोई अन्य सहारा नहीं मिल पाता था। लेकिन इसके साथ यह भी स्पष्ट है कि सिर्फ सख्त कानूनी प्रावधान ही इस तरह की मिलावटी कीटनाशकों व बीजों की बिक्री पर रोक लगाने में सक्षम होंगे, इस बात में संदेह हैं। इसके लिए जरूरी है कि औचक निरीक्षण और बेहतर शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाए। साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। न्यायपालिका को भी इन नकली कृषि इनपुट बेचने वाले अपराधियों के मामले में त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। तभी ऐसे अपराधियों को कानून की खामियों का फायदा उठाने से रोका जा सकता है। वहीं दूसरी ओर किसानों को जागरूक करने के लिये पूरे हरियाणा में मुहिम चलाने की जरूरत है। दरअसल, यह भी एक हकीकत है कि बाजार में विश्वसनीय विकल्पों की कमी के कारण कई किसान अभी भी फर्जी विक्रेताओं के झांसे में आ जाते हैं। राज्य सरकार के बजट में हर जिले में बीज परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। जो कि एक स्वागत योग्य कदम है। इसके अलावा कृषि उत्पाद बेचने वाले डीलरों को लेकर भी सतर्कता बरतने की जरूरत है। इसमें सख्त लाइसेंसिंग नियम मददगार हो सकते हैं। निश्चित रूप से नकली बीजों और कीटनाशकों पर कार्रवाई सिर्फ कानून तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। इस पहल से देश को खाद्यान्न उपलब्ध कराने वाले किसान को वास्तविक सुरक्षा देना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि नारद मुनि को मोह हो रहा था, क्योंकि उनका मन दूसरे के हाथ ( माया के वश ) में था। शिवजी के गण बहुत प्रसन्न होकर हँस रहे थे। यद्यपि मुनि उनकी अटपटी बातें सुन रहे थे, पर बुद्धि भ्रम में सनी हुई होने के कारण वे बातें उनकी समझ में नहीं आती थीं ( उनकी बातों को वे अपनी प्रशंसा समझ रहे थे )॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**काहुँ न लखा सो चरित बिसेषा। सो सरूप नृपकन्याँ देखा॥**
**मर्कट बदन भयंकर देही। देखत हृदयँ क्रोध भा तेही॥**

इस विशेष चरित को और किसी ने नहीं जाना, केवल राजकन्या ने (नारदजी का) वह रूप देखा। उनका बंदर का सा मुँह और भयंकर शरीर देखते ही कन्या के हृदय में क्रोध उत्पन्न हो गया॥

**दो0-सखीं संग लै कुअँरि तब चलि जनु राजमराल।**
**देखत फिरइ महीप सब कर सरोज जयमाल॥**

तब राजकुमारी सखियों को साथ लेकर इस तरह चली मानो राजहंसिनी चल रही है। वह अपने कमल जैसे हाथों में जयमाला लिए सब राजाओं को देखती हुई घूमने लगी॥

**जेहि दिसि बैठे नारद फूली। सो दिसि तेहिं न बिलोकी भूली॥**
**पुनि-पुनि मुनि उकसहिं अकुलाहीं। देखि दसा हर गन मुसुकाहीं॥**

जिस ओर नारदजी (रूप के गर्व में) फूले बैठे थे, उस ओर उसने भूलकर भी नहीं ताका। नारद मुनि बार-बार उचकते और छटपटाते हैं। उनकी दशा देखकर शिवजी के गण मुसकराते हैं॥

**( क्रमश:... )**

# न्यायिक प्रक्रिया में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता हो

भारत की न्याय प्रणाली विसंगतियों एवं विषमताओं से घिरी है। न्याय-व्यवस्था जिसके द्वारा न्यायपालिकाएं अपने कार्य-संचालन करती है वह अत्यंत महंगी, अतिविलंबकारी और अप्रत्याशित निर्णय देने वाली है। 'न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है।' 'न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है।' एक ही प्रकृति के मामलों में अलग-अलग फैसले आना, कुछ न्यायाधीश कभी-कभी व्यक्तिगत पसंद के आधार पर मामलों को चुनते देखे जाते हैं, कुछ वकीलों को केस असाइनमेंट और सुनवाई के समय के मामले में तरजीह दी जाना, आंशिक सुनवाई के मामलों की प्रथा आदि भारतीय न्यायिक व्यवस्था में विद्यमान चुनौतियों एवं विसंगतियों को दूर करने के लिये न्याय प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन की अपेक्षा है। हाल ही में यह बात सामने आई है कि एक मौजूदा न्यायाधीश के आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी पाई गई। इस तरह की घटना, किसी भी चल रही जांच के बावजूद, न्यायपालिका की ईमानदारी और निष्पक्षता पर एक बदनुमा दाग है।

न्यायपालिका ईमानदारी, निष्पक्षता और कानून के समक्ष समान व्यवहार के मूल्यों पर आधारित लोकतंत्र के चार स्तंभों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्तंभ है। न्यायालयों की ईमानदारी में जनता और कानूनी समुदाय का विश्वास बहाल करने के उद्देश्य से कानून में क्रांतिकारी बदलाव की अपेक्षा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भारत के सर्वोच्च न्यायालय के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में इसके लिये तत्पर है और वे न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं, उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दे रहे हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देने लगी है। स्वल्प समय में ही सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में वे कई महत्त्वपूर्ण फैसलों के कारण चर्चा में हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में उन्होंने देश की न्यायपालिका के आमूल-चूल स्वरूप में परिवर्तन पर खुलकर जो विचार रखे हैं, वे साहसिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े होने के साथ आम लोगों की धारणा से मेल खाते हैं। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना के सामने अनेक चुनौतियां हैं, उनका मार्ग कंटकाकीर्ण हैं। उनके द्वारा शुरु किये कानून सुधार-अभियान की किसी पहल का विरोध होना स्वाभाविक है। न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति के लिए बनाए गए कॉलेजियम सिस्टम पर भी सवाल उठाए गए। न्यायिक प्रणाली, जो निष्पक्षता और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर टिकी हुई है, न केवल निंदा से परे होनी चाहिए बल्कि जनता द्वारा भी देखी जानी चाहिए। न्यायालयों के भीतर एक व्यापक



**न्यायपालिका ईमानदारी, निष्पक्षता और कानून के समक्ष समान व्यवहार के मूल्यों पर आधारित लोकतंत्र के चार स्तंभों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्तंभ है। न्यायालयों की ईमानदारी में जनता और कानूनी समुदाय का विश्वास बहाल करने के उद्देश्य से कानून में क्रांतिकारी बदलाव की अपेक्षा है।**

आत्मनिरीक्षण किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि न्यायिक प्रक्रिया बेदाग रहे और न्यायपालिका के बारे में जनता की धारणा को उसके सही परिप्रेक्ष्य पर बहाल किया जा सके। न्यायालयों की निष्पक्षता में आम आदमी का विश्वास सर्वोपरि है, और इस विश्वास को खतरे में डालने वाली किसी भी घटना से शीघ्रता और विवेकपूर्ण तरीके से निपटा जाना चाहिए।

न्यायालयों के कामकाज की पवित्रता बनाए रखने के लिए उनकी समीक्षा की जानी जरूरी है। यह बहुत स्पष्ट है कि कुछ न्यायाधीश, कभी-कभी, व्यक्तिगत पसंद के आधार पर मामलों चुनते देखे जाते हैं, जो न्यायिक प्रक्रिया की एकरूपता और निष्पक्षता को कमजोर करता है। निष्पक्षता सुनिश्चित करने और पक्षपात या पक्षपात की किसी भी झलक से बचने के लिए मामलों का चयन करने का विवेक सीमित होना चाहिए। यह आवश्यक है कि सभी मामलों को एक स्थापित, पारदर्शी रोस्टर प्रणाली के आधार पर निष्पक्ष रूप से आवंटित किया जाए। यह भी न्याय-प्रक्रिया की एक बड़ी विसंगति है कि कुछ वकीलों को केस असाइनमेंट और सुनवाई के समय के मामले में तरजीह दी जाती है। इस तरह की प्रथाएं न्याय की नींव को ही नुकसान पहुँचाती हैं, क्योंकि वे अनुचित पक्षपात का कारण बन सकती हैं। किसी भी वकील को, चाहे उनकी स्थिति या पद कुछ भी हो, न्यायिक प्रक्रिया में अनुचित लाभ प्राप्त करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

सर्वप्रथम तो भारत के न्यायपालिका का संस्थागत चरित्र बदलने की जरूरत है। यह सामंती है और इसे इसके स्थान पर लोकतांत्रिक बनाना होगा। संवैधानिक जजों की चयन प्रक्रिया बहुत ही अलोकतांत्रिक है, जिसमें संविधान में वर्णित 'हम भारत के लोग' इनकी कोई भूमिका नहीं है। यहां पहले से पदासीन चले आ रहे लोग अपनी पसंद के लोगों को चुनकर पदों पर बिठा देते हैं, देखते ही देखते कुछ ही वर्षों में भारत का पूरा न्यायिक तंत्र कुछ परिवारों के कब्जे में आ गया है। वर्तमान सरकार ने परिवारवादी राजनीति के साथ परिवारवादी न्याय-व्यवस्था में सुधार किये हैं। आजादी के अमृत महोत्सव की चौखट पार कर चुके देश की न्याय व्यवस्था अभी तक औपनिवेशिक शिकंजे में जकड़ी हुई है। उच्चतर न्यायालयों की भाषा अंग्रेजी है तो अधिकांश निचली अदालतों की कार्रवाई और पुलिस विवेचना की भाषा उर्दू है। वह आम आदमी के पल्ले नहीं पड़ती। समय आ गया है कि यह सब आम आदमी की भाषा में हों। वर्षों-वर्ष चलने वाले मुकदमों का खर्च भी बहुत ज्यादा है। न्याय प्रक्रिया की कोई सीमा-अवधि नहीं है। इसलिए निचली अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक समस्त न्यायालयों को दो पालियों में चलाने का प्रावधान किया जाना चाहिए। नए न्यायालय भी स्थापित किए जाने चाहिए। न केवल न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरा जाना चाहिए, बल्कि जनसंख्या और लंबित मामलों का संज्ञान लेते हुए न्यायिक कर्मियों की नियुक्ति भी की जानी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना के ताजा वक्तव्यों में ऐसे ही सुधार को अपनाने के संकेत मिल रहे हैं, जो स्वागतयोग्य होने के साथ सराहनीय भी है।

निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक किसी भी मामले के निपटारे के लिए नियत अवधि और अधिकतम तारीखों की संख्या तय होनी ही चाहिए। जैसाकि अमेरिका में किसी भी मामले के लिये तीन वर्ष की अवधि निश्चित है। लेकिन भारत में मामले 20-30 साल चलना साधारण बात है। तकनीक का प्रयोग बढ़ाने और पुलिस द्वारा की जाने वाली विवेचना में भी सुधार जरूरी है। एक सक्षम न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन करके इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उत्कृष्ट लोकतान्त्रिक देशों की तरह भारत की एक अत्यंत शक्तिशाली व स्वतंत्र न्यायपालिका है। न्यायपालिका केवल न्याय देने का ही काम नहीं करें, बल्कि सरकार की कमियों पर नजर रखना एवं उसे चेताना भी उसका दायित्व है। न्यायपालिका की हठधर्मिता, विधायिका और कार्यपालिका का न्यायिक सुधार के संबंध में उपेक्षात्मक रुख साथ-साथ भारतीय जनमानस की उदासीन भूमिका ऐसी जड़ताएं हैं जिसने अपार पीड़ा को सहते हुए भी न्यायिक सुधार की दिशा में कदम उठाने के लिए सरकारों पर दबाव बनाने का कार्य कभी नहीं किया गया, जो मिला उसे नियति मानकर स्वीकार कर लिया। अनेक मामलों में अन्यायपूर्ण न्याय को स्वीकारना ही आम जनता की विवशता रही है। भारत को अपनी सामाजिक, सांस्कृतिक परिस्थिति और अपने गौरवपूर्ण इतिहास बोध के अनुसार एक वैकल्पिक न्याय तंत्र ही स्थापित करना चाहिए, किंतु जब तक यह नहीं होता वर्तमान व्यवस्था में ही कुछ आवश्यक सुधार करके हमें इसे समसामयिक, तीक्ष्ण, समयबद्ध और उपयोगी बनाए रखना चाहिए। न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिये बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिये।

**-ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

## प्रदूषण की समस्या हल्के में लेते हैं नेतागण

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि प्रकृति हर व्यक्ति की जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त प्रदान करती है, लेकिन हर व्यक्ति के लालच को पूरा नहीं करती। उनका कहना था कि प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करके हम अपनी अर्थव्यवस्था को किसी भी ऊंचाई पर पहुंचा सकते हैं, तो हम नीचे से अपनी जमीन को खिसका रहे हैं। वर्ल्ड एयर क्वालिटी 2024 की रिपोर्ट उनके पर्यावरण को लेकर दिए गए बयान को सही साबित करती नजर आ रही है। इस रिपोर्ट में सबसे ज्यादा 20 प्रदूषित शहरों में दिल्ली समेत राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र के कई शहर भी शामिल हैं। भारत के 13 शहरों की हालत सर्वाधिक खराब है। जिस मेघालय के बारे में हरी-भरी वादियों और खूबसूरत प्राकृतिक नजारों के सुरम्य स्थलों की कल्पना की जाती थी, उसका बर्नीहाट सबसे प्रदूषित शहर है। बर्नीहाट में प्रदूषण का उच्च स्तर स्थानीय कारखानों, जैसे शराब निर्माण, लोहा और इस्पात संयंत्रों से निकलने वाले उत्सर्जन के कारण है। पड़ोसी देशों में पाकिस्तान के चार शहर और चीन का एक शहर भी इस सूची में हैं। स्विट्जरलैंड की एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी कंपनी आईक्यूएयर की वर्ल्ड एयर क्वालिटी की इस रिपोर्ट में भारत 2024 में दुनिया का 5वां सबसे प्रदूषित देश बन गया है, जो 2023 में तीसरे स्थान पर था। देश के 35 प्रतिशत शहरों में पीएम 2.5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सीमा 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से 10 गुना अधिक है। दिल्ली में स्थिति और भी गंभीर है, जहां वार्षिक औसत पीएम 2.5 सांद्रता 2023 में 102.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से बढ़कर 2024 में 108.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गई। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में 2024 में पीएम 2.5 (2.5 माइक्रोन से छोटे प्रदूषण कण) की सांद्रता में 7 प्रतिशत की कमी आई है, जो 2023 में 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से घटकर 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गई।

दिल्ली में वायु प्रदूषण साल भर एक गंभीर समस्या बना रहता है, जो सर्दियों में और भी खतरनाक हो जाता है। प्रतिकूल मौसम, वाहनों से निकलने वाला धुआं, धान की पराली जलाना, पटाखों का धुआं और अन्य स्थानीय स्त्रोत हवा की गुणवत्ता को खराब करते हैं। पीएम 2.5 कण फेफड़ों और रक्तवाहिकाओं में प्रवेश कर सांस की बीमारियों, हृदय रोग और कैंसर का कारण बन सकते हैं। औद्योगिक उत्सर्जन, वाहनों का धुआं और पराली जलाने जैसे स्रोतों पर सख्त नियंत्रण के बिना स्थिति में सुधार मुश्किल है। शीर्ष 20 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत से बर्नीहाट (मेघालय), दिल्ली, मुल्लांपुर (पंजाब), फरीदाबाद, गुरुग्राम (हरियाणा), लोनी, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश), गंगानगर, भिवाड़ी और हनुमानगढ़ (राजस्थान) शामिल हैं। यह रिपोर्ट भारत के लिए एक चेतावनी है कि वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है। वायु प्रदूषण भारत में एक बड़ा स्वास्थ्य जोखिम बना हुआ है। लांसेट प्लैनेटरी हेल्थ के रिसर्च के अनुसार वर्ष 2009 से 2019 तक हर साल लगभग 15 लाख लोगों की मौत पीएम 2.5 प्रदूषण के लंबे संपर्क के कारण हुई। रिपोर्ट्स बताती हैं कि प्रदूषण के कारण भारतीयों की औसत आयु 5.2 साल कम हो रही है। भारत में बढ़ते प्रदूषण से देश की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान हो रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रदूषण से हर साल 95 अरब डॉलर यानी देश की जीडीपी के लगभग 3 प्रतिशत का नुकसान हो रहा है। वर्ष 2019 में डलबर्ग नाम की ग्लोबल कंसल्टेंसी फर्म ने बताया था कि भारत में प्रदूषण के कारण 95 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। इसका कारण काम की उत्पादकता में कमी, छुट्टियां लेना और समय से पहले मौत है।

यह रकम भारत के बजट का लगभग 3 फीसदी और देश के सालाना स्वास्थ्य खर्च का दोगुना है। रिपोर्ट में कहा गया कि 2019 में भारत में 3.8 अरब कार्य दिवसों का नुकसान हुआ, जिससे 44 अरब डॉलर की चपत लगी। वर्ष 2070 तक भारत के नेट-जीरो के लक्ष्य को पाने के लिए हरेक क्षेत्र से कार्बन उत्सर्जन कम करने की जरूरत है। इस दिशा में बीते वर्षों में सरकारों ने ईवी वाहनों पर सबसिडी देने की शुरुआत की है, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम-कुसुम योजना के भी लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि सकारात्मक कदम है। भारत अपने अक्षय ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहा है और धीरे-धीरे कोयला आधारित समुदायों को वैकल्पिक रोजगार के साधन उपलब्ध करवा रहा है। इन सभी संयुक्त प्रयासों से आने वाले भविष्य में वायु प्रदूषण पर असर पड़ेगा। इसके बावजूद सरकारी प्रयास आधे-अधूरे हैं। वर्ष 2023 की एक वर्ल्ड बैंक रिपोर्ट में बताया गया कि प्रदूषण का माइक्रो-लेवल असर भारत की अर्थव्यवस्था को मैक्रो-लेवल पर प्रभावित कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, अगर पिछले 25 सालों में भारत ने प्रदूषण को आधा भी कम किया होता, तो 2023 के अंत तक भारत की जीडीपी 4.5 फीसदी ज्यादा होती। लांसेट हेल्थ जर्नल की एक रिपोर्ट में कहा गया कि 2019 में प्रदूषण से स्वास्थ्य पर पड़े असर ने देश की जीडीपी को 1.36 फीसदी धीमा कर दिया। अगर प्रदूषण पर कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और खराब हो सकती है। वर्ष 2023 की डलबर्ग रिपोर्ट ने अनुमान लगाया है कि 2030 तक, जब भारत की औसत उम्र 32 साल होगी, वायु प्रदूषण से मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। भारत में पर्यावरण की कई समस्याएं हैं। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, कचरा और प्राकृतिक पर्यावरण के प्रदूषण भारत के लिए चुनौतियां हैं।

पर्यावरण की समस्या की परिस्थिति 1947 से 1995 तक बहुत ही खराब थी। 1995 से 2010 के बीच विश्व बैंक के विशेषज्ञों के अध्ययन के अनुसार, अपने पर्यावरण के मुद्दों को संबोधित करने और अपने पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार लाने में भारत दुनिया में सबसे तेजी से प्रगति कर रहा है। फिर भी, भारत विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के स्तर तक आने में इसी तरह के पर्यावरण की गुणवत्ता तक पहुंचने के लिए एक लंबा रास्ता तय करना है। भारत के लिए एक बड़ी चुनौती और अवसर है। पर्यावरण की समस्या का, बीमारी, स्वास्थ्य के मुद्दों और भारत के लिए लंबे समय तक आजीविका पर प्रभाव का मुख्य कारण हैं। तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या व आर्थिक विकास और शहरीकरण व औद्योगीकरण में अनियंत्रित वृद्धि, बड़े पैमाने पर औद्योगिक विस्तार तथा तीव्रीकरण, तथा जंगलों का नष्ट होना इत्यादि भारत में पर्यावरण संबंधी समस्याओं के प्रमुख कारण हैं। अनुमानित जनसंख्या का संकेत है कि 2050 तक भारत दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश होगा और चीन का स्थान दूसरा होगा। दुनिया के कुल क्षेत्रफल का 2.4 प्रतिशत, परंतु विश्व की जनसंख्या का 17.5 प्रतिशत भारत में होगी। देश का अपने प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव काफी बढ़ गया है। भारत को प्रदूषण कम करने के लिए ठोस और दीर्घकालिक उपायों की जरूरत है।

**-योगेंद्र योगी, स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल

**चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान की स्थिति थोड़ी दूरी वाली।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे लेकिन स्वास्थ्य पर ध्यान रखिए। प्रेम की स्थिति थोड़ी मध्यम रहेगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
चोर चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य प्रेम, व्यापार मध्यम है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी। स्वास्थ्य में सुधार।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान का साथ होगा। व्यापार भी अच्छा रहेगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भावुकता पर काबू रखकर निर्णय लीजिएगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान भी मध्यम है रहेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
गृह कलह के संकेत हैं। घरेलू चीजों को शांतचित होके निपटाइएगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
धन हानि के संकेत हैं। इसलिए निवेश अभी वर्जित रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम, संतान ठीक-ठाक।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य बढ़िया। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार नॉर्मल रहेगा

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
मन चिंतित रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा।

## उपमुख्यमंत्री के आगमन पर हुआ स्वागत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के जनपद आगमन पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया, विधायक तेजपाल नागर, जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, बादलपुर मंडल अध्यक्ष महेंद्र नागर सहित सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का लाल कुआं, रूपचंद फार्म हाउस, जी.टी. रोड पर भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें बड़ी माला और बुके भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवा भाटी, पवन रावल, वीरेंद्र भाटी, कर्मवीर आर्य, अरुण प्रधान, अर्पित तिवारी, बलराज भाटी, सरजीत नागर, ओमकार भाटी, आनंद वर्धन चंदेल, संचित पंडित, उमेश भाटी, नितेश भाटी, आशु कौशिक आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मिहिर भोज बालिका डिग्री कॉलेज दादरी में वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** मिहिर भोज बालिका डिग्री कॉलेज दादरी में वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी रहे। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक तेजपाल नागर और पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी रहे । इस मौके पर कॉलेज में खेल प्रतियोगिता हुई और उनको भी इनाम दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा का स्थान सर्वोपरि है, हम लोगों की जहां भी जरूरत होती है। वहीं आकर के कॉलेज की समस्याओं को दूर करते हैं। विधायक तेजपाल नागर ने भी अपने विचार रखें। कॉलेज की कमेटी के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे और क्षमता के अनुसार क्षेत्र के लोगों ने दान भी दिया। इसी क्रम में तिलपता निवासी प्रमुख समाजसेवी सुखबीर सिंह आर्य और बलवीर सिंह आर्य ने अपने पिताजी की याद में एक कमरे का निर्माण करवाया और पत्थर लगवाया। पिछले वर्ष भी आर्य बंधुओ ने एक कमरे का पत्थर लगवाया था।

इस मौके पर मैनेजमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट देवेंद्र टाइगर, अजीत टाइगर, सतीश नंबरदार बदलपुर, अशोक पटवारी, दिनेश, सतपाल भगत, श्यामवीर प्रधान, संजय भाटी, ईश्वर भाटी, संजय गुर्जर, रणबीर प्रधानाचार्य, आजाद प्रधान, अमरजीत चौधरी, बालचंद नागर आदि सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुखबीर सिंह आर्य ने कहा कि शिक्षा के प्रति समाज को जागरूक होना होगा और हमें शिक्षण संस्थानों में कार्य करना होगा जिससे बच्चे शिक्षित हो सके।

## ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल की चौथी शाखा का शुभारंभ

**ग्रेटर नोएडा/बुलंदशहर।** जिला बुलंदशहर स्थित ग्राम मनिया टिकरी, खानपुर विकास खंड ऊँचा गाँव में ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल की चौथी शाखा का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन अपर मुख्य अधिकारी धर्मजीत त्रिपाठी, जिला पंचायत बुलंदशहर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अन्य शाखाओं से आए छात्रों एवं अध्यापिकाओं द्वारा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के जागरूकता नाटक, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे प्रेरणादायक आयोजन किए गए। इसी दौरान विद्यालय के चेयरमैन राम निवास मावी ने प्रधानाचार्य की घोषणा करते हुए आरती कसाना को प्रधानाचार्य नियुक्त किया।

उद्घाटन समारोह में क्षेत्रीय अभिभावकों के साथ चेयरमैन, डाइरेक्टर निशी मावी, मैनेजर मनोज कुमार मावी, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण कुमार सैन, शिवम मावी, पुलकित मावी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा का हुआ भव्य स्वागत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा का सैकड़ों नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के गणमान्य लोग, सामाजिक एवं प्रजापति समाज के लोग बड़ी संख्या में फूलमाला और पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के युवाओं के साथ बुजुर्गों एवं बड़ी संख्या में माताओं–बहनों ने भी श्री शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर जताया है, वे उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे तथा मोदी जी और योगी जी की केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने के लिए कार्य करेंगे।



## तन की नहीं, मन की सुंदरता देखनी चाहिए : आचार्य पवन नंदन





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** डेल्टा–1 के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य पवन नंदन जी ने कहा कि व्यक्ति की वास्तविक सुंदरता तन से नहीं, बल्कि मन से जानी जाती है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और कुब्जा के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि जब श्रीकृष्ण ने कुब्जा को सुंदरी कहकर पुकारा, तो वह संकोच में पड़ गई। लेकिन जब श्रीकृष्ण ने प्रेमपूर्वक उसे पुचकारा और समझाया कि यह संबोधन उसकी आंतरिक सुंदरता के लिए है, तब वह प्रसन्न हुई।

आचार्य जी ने कंस के आमंत्रण पर श्रीकृष्ण के वृंदावन से मथुरा गमन का हृदयस्पर्शी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब श्रीकृष्ण वृंदावन से विदा हो रहे थे, तब गोपियों और वृंदावनवासियों ने रोकर उन्हें रोकने का प्रयास किया। श्रीकृष्ण ने उन्हें शांत कराया, लेकिन जब उन्होंने राधारानी से विदा लेने की बात कही, तो संपूर्ण वृंदावन शोकाकुल हो गया। इसी कारण आज भी वृंदावन के पेड़ झुके हुए प्रतीत होते हैं और यमुना का जल खारा कहा जाता है।

मथुरा पहुंचने के बाद श्रीकृष्ण ने वहां के जनजीवन को करीब से देखा। इस दौरान उन्होंने अपने सखाओं को समानता का संदेश दिया। एक प्रसंग में उन्होंने एक धोबी को मामा कहकर संबोधित किया, लेकिन उसके व्यवहार से अप्रसन्न होकर उसे दंड दिया। इसके विपरीत, जब वे एक दर्जी से मिले, जिसने उनका सत्कार कर उनके वस्त्र ठीक किए, तो श्रीकृष्ण ने उसे आशीर्वाद दिया।

इसके बाद उनकी भेंट कुब्जा से हुई, जिसने उनके माथे पर चंदन लगाया। श्रीकृष्ण ने कुब्जा का उद्धार कर उसे एक सुंदर कन्या में परिवर्तित कर दिया। इसके बाद वे कंस के दरबार की ओर प्रस्थान कर गए।

आज कथा के दौरान भारतीय धरोहर के नव वर्ष विशेषांक का भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर भारतीय धरोहर महामंत्री विजय शंकर तिवारी ने कहा कि व्यक्ति को अपने खान–पान और रहन–सहन को अपनी प्रकृति के अनुसार ढालना चाहिए। उन्होंने बताया कि नोएडा में भारतीय धरोहर द्वारा देश का पहला प्रकृति परीक्षण और परामर्श केंद्र संचालित किया जा रहा है, जहां केंद्रीय आयुर्वेद शोध संस्थान द्वारा प्रशिक्षित वैद्य परामर्श देते हैं।

आज कथा में मुख्य यजमान नरेश गुप्ता एवं दैनिक यजमान योगेश गर्ग, पवन बंसल, विनय गोयल, शिखिर गुप्ता, एड. अजय गुप्ता ने व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश मित्तल, नवीन जिंदल, कुलदीप शर्मा, मनोज सिंघल, प्रमोद चौहान, मुकुल गोयल, सरोज तोमर, श्रीमती विनीता शर्मा, श्रीमती ममता सिंह, श्रीमती पूनम अग्रवाल, रश्मि अरोड़ा, रोहिणी, ललित शर्मा, संजय सूदन, गौरव उपाध्याय, नवनीत गुप्ता, डी. के. अरोड़ा, अनुज उपाध्याय, कौशल गुप्ता, कपिल कृष्ण और सतीश गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई डॉ0 राममनोहर लोहिया की जयंती



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रखर समाजवादी चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी गौतमबुद्ध नगर इकाई द्वारा सूरजपुर स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं एक विचार गोष्ठी का आयोजन कर उनके संघर्षशील जीवन पर प्रकाश डाला गया।

इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि डॉक्टर राम मनोहर लोहिया भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर चिंतक एवं समाजवादी नेता थे। उनको अपने स्पृष्टवादी विचारों के लिए जाना जाता है और कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया का पूरा जीवन सादगी से परिपूर्ण एवं देश की सेवा में समर्पित रहा।

उन्होंने देश में गरीब अमीर के बीच बढ़ती खाई को पटाने के लिए संघर्ष किया तथा उनकी समाजवादी विचारधारा ने देश का एकीकरण करने का काम किया। डॉ लोहिया के विचार आज कहीं अधिक सार्थक है। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित पार्टी के कार्यकर्त्ताओं से डॉ राम मनोहर लोहिया के पदचिन्हों पर चलते हुए उनकी विचारधारा जन–जन तक पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को याद करते हुए कहा कि भारत की आजादी में इन महान क्रांतिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है उन्होंने भारत की आजादी के लिए मरते दम तक संघर्ष किया और युवावस्था में ही मातृभूमि के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।


इस मौके पर फकीर चंद नागर, वीरसिंह यादव, डॉ महेन्द्र नागर, कृशान्त भाटी, जिला महासचिव सुधीर तोमर, राष्टीय सचिव अधिवक्ता सभा रामशरण नागर, यूनुस प्रधान, विकास जतन भाटी, श्याम सिंह भाटी, अकबर खान, अमित रौनी, मिंटी खारी, विकास भनौता, कपिल ननका, जुगती सिंह, शशि यादव, विनोद लोहिया, सीपी सोलंकी, सुदेश भाटी, मोहित यादव, विक्रम टाइगर, कुलदीप भाटी, अंजलि श्रीवास्तव, अनीता चौहान, पवन जोगी, निशांत नागर, भरत नागर, आदि मौजूद रहे।

### नाम–परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शौकिन (Shaukeen) पुत्र अब्दुल गनी, निवासी–खसरा नं0– 416 जलपुरा, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) मैंने अपना नाम शौकिन अहमद से बदलकर शौकिन रख लिया है। भविष्य में मुझे शौकीन (Shaukeen) के नाम से ही जाना जाए

### कविता

आदमी अब आदमी जैसा नहीं रहा,
अमृतस्नान के बाद अमर यानी देवता हो गया है।
देश और विदेश की अरबों आत्माओं ने,
अमृत महोत्सव में
आकर अमरता प्राप्त
किया ।
कुछ आत्मायें घर
नहीं लौटीं।
आकाश ,पृथ्वी ,
पाताल,हवा, अमृत
जल, धूप, फूलों
की सुगंध, सब का
स्वभाव बदल गया
है सबका स्वाद
बदल गया है।
अब अभिमान ने मान सम्मान का रूप धारण कर
लिया है। विषधर ,मणिधर हो गये हैं
व्यभिचार को आचार और कुदृष्टि
को बौद्धिक विकास नाम से पुकारा जाकर इसे,
भारत की सांस्कृतिक विरासत कहने का
आंदोलन चल रहा है ।
समझ में नहीं आता कि हम आदमी ही हैं या
उसी शक्ल में अमृतपुरुष हो गये हैं।
लापता आत्माओं को प्रणाम करने कल प्रयाग
जाऊंगा गंगा और यमुना दोनों में नहाऊंगा।



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी ( राही )
ज्ञानपुर ( भदोही )

## सीटू ने मनाया शहीदी दिवस



**नोएडा ( चेतना मंच )।** देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान क्रांतिकारी आंदोलन के प्रकाश स्तंभ अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को याद कर सीटू जिला कमेटी गौतम बुध नगर के कार्यकर्ताओं ने सेक्टर–8, कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित कर शहादत दिवस मनाया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मजदूर नेता एवं सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि 23 मार्च भारतीय इतिहास में एक ऐसा दिन है, जो सदैव विद्यार्थियों, युवाओं, किसानों और मजदूरों को संघर्ष की प्रेरणा देता रहेगा। इसी दिन शोषणमुक्त समाज और किसान–मजदूर राज का सपना देखने वाले शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी दी गई थी।

अंग्रेजी हुकूमत इन क्रांतिकारियों को अपने शासन के लिए खतरा मानती थी, क्योंकि वे स्वतंत्रता संग्राम को कमजोर करने के लिए अंग्रेजों द्वारा रची गई हिंदू–मुस्लिम राजनीति का विरोध कर रहे थे और देशभर में एकता का संदेश फैला रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज केंद्र की भाजपा सरकार भगत सिंह के सपनों की हत्या कर रही है और मजदूर वर्ग को पुनः गुलामी की ओर धकेलने के लिए नए–नए तरीके अपना रही है।

## शहीद भगत सिंह का बलिदान दिवस मनाया



**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने शहीद भगत सिंह राजगुरु सुखदेव सिंह का बलिदान दिवस गांव खटाना में मनाया। इस मौके पर बलिदान को याद किया इस मौके पर कामरेड विजेंद्र शर्मा सदाशिव चमरती गोपाल शर्मा डॉक्टर बिलाल नूर शेर मेवाती सुनील यादव पप्पू सिंह चौहान आदि लोगों ने भाग लिया।

### दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार–पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी–85 सेक्टर–6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए–131 सेक्टर–83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक–रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# सरकार का 8 साल का कार्यकाल बेमिसाल : प्रणीत



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार के 8 साल पूरे होने पर अब जिले एवं गांवों में भाजपा कार्यक्रम आयोजित कर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देगी। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रणीत भाटी ने कहा कि सरकार का 8 साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा। उन्होंने कहा कि इन आठ वर्षों में भाजपा की प्रदेश सरकार एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश की तस्वीर बदल दी।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से माफिया का पूरी तरह सफाया हो गया है, वहीं विकास कार्य भी तेज़ी से हुए हैं। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने एक नया आयाम स्थापित किया है, जिसे जनता देख रही है और सराह रही है। उन्होंने कहा कि 8 साल के कार्यकाल को लेकर पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

प्रणीत भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में माफियाओं के साम्राज्य का अंत कर दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश अभूतपूर्व विकास के मार्ग पर आगे बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 2027 के चुनावी समर में उतरकर पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनाएगी। अंत में, उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, मंत्रियों एवं अधिकारियों को इसके लिए बधाई दी।

# जल संरक्षण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गांव दुजाना स्थित नि:शुल्क पुस्तक बैंक पर संस्था का विस्तार किया गया तथा जल संरक्षण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। उम्मीद संस्था के संस्थापक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर एवं किसान नेता राजकुमार रूपबास ने इस अवसर पर कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। जल का कण-कण अमृत के समान है, इसका संरक्षण और सदुपयोग सभी की जिम्मेदारी है। संस्था द्वारा पर्यावरण, शिक्षा और खेलों में अधिक भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए लीलू आर्य को राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा वीर सिंह और कैप्टन गेला सिंह को संरक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। संस्था के सदस्य गांव, विद्यालयों और सेक्टरों में जल संरक्षण टीम बनाकर जल बचाने, उसके सदुपयोग को सुनिश्चित करने तथा लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जयपाल सिंह, हुकम सिंह आर्य, मास्टर ब्रह्म सिंह, राजकुमार रूपबास, पवन कुमार, रणवीर, नारायण, महाराज सिंह, वरुण कुमार, अरुण कुमार और राधे सिंह उपस्थित रहे।



# स्वस्थ जीवन के लिए प्रकृति का ज्ञान आवश्यक : विजय तिवारी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** स्वस्थ जीवन जीने के लिए व्यक्ति को अपने खान-पान और रहन-सहन के नियम निश्चित करने से पहले अपनी प्रकृति अवश्य ही जान लेनी चाहिए।

किंतु देश-दुनिया में ऐसे बहुत कम आयुर्वेद केंद्र हैं, जहां व्यक्ति को उसकी प्रकृति के अनुसार जीवनयापन के नियम बताए जा रहे हों, जबकि यह वैश्विक आवश्यकता है। सौभाग्य की बात है कि नोएडा में भारतीय धरोहर द्वारा देश का पहला प्रकृति परीक्षण और परामर्श केंद्र संचालित किया जा रहा है, जहाँ केंद्रीय आयुर्वेद शोध संस्थान द्वारा विकसित प्रकृति परीक्षण पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षित वैद्यों द्वारा परामर्श दिया जाता है।

यह विचार आज भारतीय धरोहर विचार मण्डल, ग्रेटर नोएडा द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के समापन से ठीक पहले भारतीय धरोहर के महामंत्री विजय शंकर तिवारी ने व्यक्त किए।

भगवान श्रीकृष्ण ने जरासंध की पराजय के बाद उसके पुत्र सहदेव को ही राजा बनाया। जरासंध वध प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए आचार्य पवन नंदन जी ने बताया कि पांडवों ने पितरों की तृप्ति के लिए राजसूय यज्ञ का आयोजन किया था। इस यज्ञ में भोजन व्यवस्था भीम को सौंपी गई थी। आचार्य जी ने बताया कि किसी भी पारिवारिक आयोजन में भोजन व्यवस्था ऐसे व्यक्ति को सौंपनी चाहिए, जिसे खाने-पीने का विशेष शौक हो।

कथा के आरंभ में मुख्य यजमान नरेश गुप्ता और दैनिक यजमान संजय सूदन, आनंद भाटी, नितिन अग्रवाल, देवीशरण शर्मा और देवाशीष गौड़ (जो कि आज के भंडारा सहयोगी भी थे) ने व्यास पीठ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

ग्रेटर नोएडा में 17 से 23 मार्च तक प्राचीन भारत की ज्ञान संपदा के संरक्षण, संवर्धन एवं नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा को समर्पित भागवत कथा का आयोजन डेल्टा-1, ग्रेटर नोएडा के कम्युनिटी सेंटर में किया गया।

कथा में भारतीय धरोहर के संरक्षक प्रमोद गुप्ता, संजीव सक्सेना, डॉ. नितिन अग्रवाल, कुलदीप शर्मा, मनोज सिंघल, महामंत्री प्रमोद चौहान, कपिल कृष्ण, मुकुल गोयल, सरोज तोमर, श्रीमती विनीता शर्मा, श्रीमती ममता सिंह, श्रीमती पूनम अग्रवाल, रश्मि अरोड़ा, ललित शर्मा, संजय सूदन, गौरव उपाध्याय, डी. के. अरोड़ा, अनुज उपाध्याय, कौशल गुप्ता एवं सतीश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित




**दादरी (चेतना मंच)।** कांग्रेस सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता वसील अहमद के आवास पर गत दिवस रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

रोजा इफ्तार पार्टी में जिले के तमाम कांग्रेसी दिग्गजों के साथ अन्य सामाजिक संगठन के लोगों ने रोजा इफ्तार पार्टी में हिस्सा लिया। इस अवसर पर इमरान ने बताया कि रोजा इफ्तार पार्टी में हर वर्ग एवं हर समुदाय के लोगों ने हिस्सेदारी की।

# फर्जी महिला चिकित्सक और हॉस्पीटल प्रबंधक गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में स्थित कृष्णा अस्पताल में 2 जनवरी को एक गर्भवती महिला और उसके नवजात की मौत के मामले में थाना दादरी पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर महिला चिकित्सक एवं हास्पीटल प्रबन्धक गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी सीएमओ द्वारा गठित विशेष डॉक्टर कमेटी की जांच के बाद की गई है। जांच रिपोर्ट में अस्पताल का मेडिकल रजिस्ट्रेशन और मेडिकल सम्बन्धी डिग्री नही पायी गई और प्रसव के दौरान गंभीर लापरवाही किया जाना पाया गया।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि कोतवाली दादरी पुलिस की गिरफ्त खडे कथित, महिला डॉक्टर जूही और कृष्णा हॉस्पीटल के प्रबंधक राजीव दादरी गेट से गिरफ्तार किया गया, प्रसव के दौरान गंभीर लापरवाही के कारण मां और बच्चे दोनों की मौत हो गई थी। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि 2 जनवरी 2025 को सुनील कुमार, जो कैलाशपुर दादरी के रहने वाले हैं। थाना दादरी पर आकर प्रार्थना पत्र दिया कि उन्होंने अपनी भाभी को प्रसव के लिए कृष्णा हॉस्पिटल दादरी में भर्ती कराया था, जहाँ डॉक्टर की लापरवाही की वजह से उनकी भाभी तथा होने वाले बच्चे की दोनों की मृत्यु हो गई।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि इस सूचना पर तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी गौतमबुद्ध नगर को रिपोर्ट भेजी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय ने जांच कमेटी गठित की। जांच रिपोर्ट में आया कि चिकित्सक के पास कोई वैद्य चिकित्सकीय प्रमाण पत्र नहीं है तथा हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन भी नहीं है। इस पर थाना दादरी ने मुकदमा दर्ज कर कथित, महिला डॉक्टर जुही तथा हॉस्पिटल के प्रबंधक राजीव को गिरफ्तार कर। ज्यूडिशियल कस्टडी में जेल रवाना कर दिया गया है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**देश के विकास को...**

**प्रदेश में कानून का राज**

2017 से पहले न बेटी सुरक्षित थी, न व्यापारी। हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था। आज प्रदेश में कानून का राज है। महाकुंभ इसका उहादारण है। इतने बड़े आयोजन के बाद बी एक भी घटना नहीं घटित हुई। प्रदेश वही है, लेकिन सरकार बदलने से बड़ा बदलाव आया है।

पारदर्शी व्यवस्था से सरकार ने एक लाख से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती पूरी की। हाल में 60 हजार और पुलिसकर्मियों की भर्ती पूरी हुई है। 2017 से पहले 10 जनपदों में पुलिस लाइन नहीं थी। बैरक खराब पड़े थे। आज पुलिस लाइन का काम पूरा हो गया है।

8 साल में पुलिस को सिस्टम से जोड़ा, 1 लाख 56 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती की। हर जिले में साइबर थाने की स्थापना की और 11 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए।

कृषि विकास दर 13.5 प्रतिशत से अधिक हुई है। आज 122 चीनी मिलें क्रियाशील हैं। हमने 8 साल में वो किया जो विपक्ष 22 साल में नहीं कर पाया। यूपी फल और सब्जी के उत्पादन में नंबर वन है। 14 लाख नलकूपों को मुफ्त बिजली की व्यवस्था की गई है।

ज्ञात हो कि योगी सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर यूपी भाजपा उत्सव मना रही है। इसकी शुरुआत सोमवार से हो गई। यह उत्सव 14 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इसके तहत भाजपा प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की आठ वर्ष की उपलब्धियों के साथ जनसंवाद करेगी। इस क्रम में जिला स्तर पर कार्यशालाएं होंगी।

अभियान के प्रदेश संयोजक व प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की अगुवाई में 'उत्तर प्रदेश का उत्कर्ष-भाजपा सरकार के 8 वर्ष' के संदेश के साथ सरकार की उपलब्धियों को लेकर भाजपा जनमानस तक पहुंचेगी।

**माता पन्नाधाय और गुर्जर...**

मौर्या बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर गुर्जरी माता पन्नाधाय के स्वर्णिम इतिहास पर आधारित विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। लेकिन इस सब के बावजूद भी कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच एक बड़ी चर्चा यह रही कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या से माता पन्नाधाय और गुर्जर समाज को उसका असली सम्मान देने में चूक हो गई।

बता दें कि माता पन्नाधाय के इस जन्म जयंती कार्यक्रम का आयोजन भले ही राजा नैन सिंह ट्रस्ट के द्वारा किया गया। लेकिन इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पहले ही दिन से गाजियाबाद की लोनी विधानसभा के बीजेपी विधायक नंदकिशोर गुर्जर की अहम भूमिका रही। जोकि लोनी में रामकथा के दौरान निकाली जा रही कलश यात्रा के बाद से खासे चर्चाओं में बने हुए हैं। जिसकी वजह यह भी है कि वो उसी दिन से लगातार प्रदेश की सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखे वार कर रहे हैं। इतना ही नहीं नंदकिशोर गुर्जर कलश यात्रा के दौरान पुलिस से हुई धक्का मुक्की में फटे कुर्ते को ही पहनकर आज तक घूम रहे हैं। रविवार को आयोजित हुए माता पन्नाधाय के जन्म जयंती कार्यक्रम में भी वो उसी फटे कुर्ते को पहनकर शामिल हुए और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या के बगल वाली कुर्सी पर भी बैठे। बात यहीं खत्म नहीं हुई। इस सब के बावजूद नंदकिशोर गुर्जर ने भरे मंच से डिप्टी सीएम और समाज के लोगों के लोगों के सामने अपना दर्द भी खूब बयां किया। जिस सब को सुनकर कार्यक्रम में मौजूद गुर्जर सामाज के लोगों को आस थी कि मंच पर मौजूद प्रदेश के डिप्टी सीएम और गुर्जर सामाज के सभी बड़े नेता मिलकर नंदकिशोर गुर्जर के मसले पर अवश्य ही कोई बड़ा फैसला लेंगे।

**ग्रेटर नोएडा में 20 हजार...**

नहीं हो पाई। कहा जा रहा है कि सोमवार को दिन में पानी की सप्लाई शुरू हो जाएगी। सेक्टरों में पानी का टैंकर भेजा जा रहा है लेकिन सभी गली में टैंकर नहीं पहुंच पा रहा है। इस कारण लोग पानी के लिए परेशान हैं। टैंकरों से भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।



**खास खबर**

## पोप फ्रांसिस को अस्पताल से मिली छुट्टी

**वेटिकन सिटी।** कैथोलिक ईसाई धर्म के सबसे बड़े नेता पोप फ्रांसिस को रविवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि पोप (88) के दोनों फेफड़ों में निमोनिया के गंभीर संक्रमण की वजह से वह 38 दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। अस्पताल के निदेशक ने कहा कि पोप फ्रांसिस को वेटिकन में कम से कम दो महीने पूरी तरह से आराम करने की सलाह दी है। पोप फ्रांसिस को ब्रोंकाइटिस की समस्या बढ़ने के बाद 14 फरवरी को अस्पताल में भर्ती किया था। बाद में उन्हें निमोनिया का गंभीर संक्रमण हो गया था। फ्रांसिस ने छह मार्च को एक ऑडियो संदेश जारी किया था और वेटिकन ने 16 मार्च को उनकी एक तस्वीर साझा की थी। 14 फरवरी को अस्पताल में भर्ती होने के बाद पोप पहली बार आशीर्वाद कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के सामने आएंगे।

## पिता-पुत्री की हत्या मामले में एक गिरफ्तार

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राज्य वर्जीनिया से खबर है कि वहां एक स्टोर में काम कर रहे भारतीय मूल के पिता और उनकी पुत्री को गोली मारकर हलाक कर दिया गया। इस घटना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक संदेही व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी अनुसार वर्जीनिया के एक स्टोर में हुई शूटिंग के दौरान एक भारतीय मूल के पिता और उनकी पुत्री की मौत हो गई। हादसा 20 मार्च को एकोमैक काउंटी में लैंकफोर्ड हाईवे पर बने स्टोर पर होना बताया गया है। हादसे के दौरान प्रदीप कुमार पटेल (56 वर्ष) और उनकी 24 साल की पुत्री इस स्टोर में काम कर रहे थे। शूटिंग कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक संदेही को गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ कर रही है। एकोमैक काउंटी के शेरिफ ऑफिस ने घटना को लेकर जानकारी दी है कि इस हत्या के पीछे का असल मकसद फिलहाल साफ नहीं हो सका है।

## जन सेवा थीम पर आधारित बहुद्देशीय शिविर

**हरिद्वार।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने उपलक्ष्य में जन सेवा थीम पर आधारित बहुद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन ऋषिकुल मैदान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद कल्पना सैनी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्थानीय विधायक मदन कौशिक द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.नरेश चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 7 हजार व्यक्तियों द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भाषण को वर्चुअल सुना गया तथा सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित सेवा, सुशासन और विकास के 3 वर्ष पुस्तिका का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद कल्पना सैनी ने राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने परसभी को बधाई देते हुए कहाकि पिछले तीन साल में हरिद्वार तथा राज्य ने प्राप्त की उपलब्धियों में सबका सहयोग है। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक मदन कौशिक ने कहा कि केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा दूरस्थ क्षेत्र के विकास की मुख्य धारा से पिछड़े व्यक्तियों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# माओवादियों के ठिकाने से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

एजेंसी



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने दो अलग-अलग माओवादियों के ठिकाने मरकनगुड़ा और मेटागुड़ा जंगल की पहाड़ी से भारी मात्रा में डंप बन्दूक आदि हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद किया है। यह कैम्प दुलेड अंतर्गत मरकनगुड़ा के जंगल पहाड़ी क्षेत्र से नक्सलियों के छिपाये हुए छह भरमार बन्दूक हथियार, बीजीएल सेल व भारी मात्रा में विस्फोटक सहित अन्य सामाग्री की बरामदगी हुई है। सुक्रमा की एसपी किरण चव्हाण ने रविवार को बताया कि सुकमा जिले के नक्सल उन्मूलन अभियान तहत नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शनिवार को जिला पुलिस बल, सुरक्षा बलों व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग के लिए थाना चिंतागुफा अंतर्गत दुलेड कैम्प के मरकनगुड़ा जंगल क्षेत्र में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान शनिवार को लगभग 08 बजे ग्राम मरकनगुड़ा के जंगल क्षेत्र में नक्सलियों सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से छिपाकर रखी छह भरमार बन्दूक हथियार, बीजीएल सेल व भारी मात्रा में विस्फोटक सहित अन्य सामाग्री बरामद किया गया। सभी जवान सुरक्षित हैं। सभी पार्टियां अभियान करते हुए सुरक्षित कैम्प वापस हुई हैं। इसी क्रम में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शनिवार को ही जिला पुलिस बल, 203 कोबरा वाहिनी, डी/कॉय एवं वायपी/131 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल गश्त सर्चिंग के लिए थाना चिंतागुफा अंतर्गत नवीन कैंम्प मेंट्टागुडा के जंगल क्षेत्र में रवाना हुये थे।

## अयोध्या से नागपुर जा रही बस जबलपुर में पलटी, 3 की मौत, 25 घायल

एजेंसी



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार को एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 25 घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा रमनपुर घाटी में हुआ। बस यात्रियों को लेकर अयोध्या से नागपुर जा रही थी। सुबह करीब 4.45 बजे रमनपुर घाटी के पास बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस की मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। बता दें कि इससे पहले 13 मार्च को मध्य प्रदेश के ही धार जिले के बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मौत हो गई थी और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने छह लोगों की मौत की पुष्टि की थी। रिपोर्ट के मुताबिक मृतक सीतामऊ थाना क्षेत्र के मंदसौर के निवासी थे। वे इंदौर से मंदसौर जा रहे थे। पुलिस ने बताया था कि पिकअप में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, कार में सवार चार में से तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई थी और एक घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बदनावर पुलिस थाना प्रभारी ने बताया था कि टैंकर गलत दिशा में जा रहा था। उसने पहले एक पिकअप वाहन को टक्कर मारी और फिर उसके पीछे आ रही कार को टक्कर मारी।

# ओले गिरने से 2 की मौत, 17 राज्यों में बारिश की संभावना

एजेंसी



**नई दिल्ली।** ओडिशा में पिछले 24 घंटों में आंधी, बारिश और बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 67 लोग घायल हो गए और 600 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में देश के 17 राज्यों में बारिश की संभावना जताई है, जिसमें बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, केरल और नॉर्थ ईस्ट के राज्य शामिल हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, ओडिशा के जगतसिंहपुर, कटक, ढेंकनाल, अंगुल, देवगढ़ और सुंदरगढ़ जिलों में तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने और ओले पड़ने की आशंका है। वहीं, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, मयूरभंज और क्योंझर जिलों में भारी बारिश (7 से 11 सेमी) और आंधी की चेतावनी जारी की गई है।

राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और उत्तरी हवा चलने से तापमान सामान्य बना हुआ है। शुक्रवार को प्रदेशभर में गर्मी से राहत मिली और सभी शहरों में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 25 मार्च से पश्चिमी हवा का प्रभाव बढ़ेगा, जिससे तापमान में वृद्धि होगी और गर्मी तेज होने लगेगी।मध्यप्रदेश में रविवार से बारिश और ओले गिरने का सिलसिला थमने की संभावना है। अगले तीन दिनों में तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, 25-26 मार्च से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जो प्रदेश के मौसम को प्रभावित करेगा।

हिमाचल प्रदेश में 26 मार्च तक अधिकतर स्थानों पर मौसम साफ रहने की संभावना है। हालांकि, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा, कांगड़ा और कुल्लू के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है। बड़ी संख्या में पर्यटक बर्फबारी का आनंद लेने के लिए पहाड़ी क्षेत्रों का रुख कर रहे हैं। दो सप्ताह तक इन इलाकों में बर्फबारी जारी रहने की संभावना है।

## पत्नी की मौत, पति ने फंदा लगाकर दी जान

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर में एक दुखद घटना सामने आई है! चकेरी थाना क्षेत्र स्थित ओम पुरवा निवासी अतुल कुमार (27) ने अपनी गर्भवती पत्नी मरियम नौशाद (25) की मौत के बाद खुदकुशी कर ली। दिल दहलाने वाली घटना में पुलिस ने अचानक मौत की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमॉर्टम के लिए शवों को कब्जे में लिया। दोनों शवों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट इंतजार में है। मरियम की हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसका ऑपरेशन किया गया लेकिन उसकी तबीयत गंभीर होते होते खराब हो गई और उसकी मौत हो गई। अतुल का पिता आयुध निर्माण फैक्ट्री में काम करता है और अगले महीने रिटायर होने वाले हैं। मरियम के परिजनों ने उसकी मौत में लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

## सुशांत मामले में सीबीआई ने रिया और उनके परिवार को दी क्लीनचिट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में सीबीआई ने रिया और उनके परिजनों को क्लीन चिट देते हुए मुंबई कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट फाइल कर दी है। सुशांत के पिता ने रिया चक्रवर्ती के ऊपर जो आरोप लगाए थे और रिया ने सुशांत के परिवार पर जो आरोप लगाए थे, दोनों केस में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की गई है। सीबीआई ने 2020 अगस्त में सुशांत केस टेकओवर करके जांच शुरू की थी। 4 साल की जांच के बाद सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट और सूत्रों के मुताबिक, रिया और उनके परिवार को क्लीन चिट दी गई है। सीबीआई को कोई ऐसा सबूत नहीं मिला, जिससे साबित हो सके कि किसी ने सुशांत को सुसाइड के लिए फोर्स किया था। सुशांत की मौत 2020 में हुई थी। करीब 4 साल 4 महीने के बाद सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट फाइल की गई। सीबीआई ने रिया चक्रवर्ती और उनके परिवार को क्लीन चिट दे दी है। सीबीआई की जांच के मुताबिक, सुशांत सिंह राजपूत की मौत का कोई जिम्मेदार नहीं है। सुशांत सिंह राजपूत के परिवार के पास विकल्प है कि वे प्रोटेस्ट पेटिशन मुंबई कोर्ट में दाखिल कर सकते हैं। सीबीआई ने एम्स के एक्सपर्ट से सुशांत के सुसाइड केस की जांच करवाई थी। सुशांत सुसाइड केस में एम्स फॉरेंसिक टीम ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया था। जांच से पता चला था चैट्स में कोई छेड़छाड़ नहीं की गई थी।

## दक्षिण पूर्व रेलवे ने 200 मिलियन टन से अधिक माल लोडिंग का आंकड़ा किया पार

एजेंसी



**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने माल परिवहन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है, क्योंकि इसने वर्तमान वित्तीय वर्ष में 200 मिलियन टन का आंकड़ा पार कर लिया है। अब तक, दक्षिण पूर्व रेलवे ने इस वित्तीय वर्ष में 204 मिलियन टन माल लोड किया है। यह दक्षिण पूर्व रेलवे का एक शानदार प्रदर्शन है। दक्षिण पूर्व रेलवे के चारों मंडलों ने इस शानदार माल लदान प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चक्रधरपुर मंडल ने 148.6 मिलियन टन, आद्रा मंडल ने 27.7 मिलियन टन, खड़गपुर मंडल ने 24.3 मिलियन टन और रांची मंडल ने अब तक 3.3 मिलियन टन माल लदान किया है। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक, अब तक, संबंधित माल लदान से राजस्व में 18,359.38 करोड़ रुपये की आय हुई है।

## रिटायरमेंट वाले दिन अफसर सस्पेंड

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मंडोली में स्थित सेंट्रल जेल अस्पताल के रेसीडेंट मेडिकल ऑफिसर आर. राठी को उनके रिटायरमेंट वाले दिन ही निलंबित कर दिया गया। राठी के खिलाफ यह कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि उन्होंने अपने सीनियर अफसरों की इजाजत के बिना ही ठग सुकेश चंद्रशेखर को कलाई की घड़ी पहनने देने की सिफारिश की थी। सुकेश चंद्रशेखर करोड़ों रुपये की ठगी के आरोप में मंडोली जेल में बंद है। मंडोली जेल के एक सीनियर अफसर ने इस बात को कंफर्म किया है कि राठी को उनके रिटायरमेंट वाले दिन यानी 28 फरवरी को ही निलंबित कर दिया गया था।

# हिजबुल्लाह के ठिकानों पर इजरायल ने किया एयरस्ट्राइक, 6 की मौत

एजेंसी



**तेल अवीव।** इजरायल ने शनिवार को लेबनान के विभिन्न स्थानों पर जबरदस्त तरीके से हवाई हमले किए हैं। लेबनान द्वारा किए गए रॉकेट हमले का प्रतिशोध में ये हमले किए गए हैं। इन हवाई हमलों में कम से कम 6 लोगों की मौत होने की सूचना है। दक्षिणी लेबनान के तौलीन गांव में हुए हमले में 5 लोगों की मौत हुई, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। 10 लोगों के घायल होने की भी खबर है। इसके अलावा, तटीय शहर सिदोन में हुए एक अन्य हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हुए। सीरिया की सीमा के पास स्थित होश अल-सैयद अली गांव पर किए गए हमले में 5 लोग घायल हुए। हिजबुल्लाह ने रॉकेट हमले की जिम्मेदारी से इनकार किया और कहा कि वह युद्धविराम का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने दक्षिणी क्षेत्र में सेना को सभी आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि लेबनान युद्ध की वापसी नहीं चाहता है। बता दें कि इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच 7 अक्टूबर को हुए हमास के हमले के बाद फिर से यह संघर्ष भड़क उठा था। इसके बाद से यह संघर्ष तीव्र हो गया और इजरायली हवाई हमलों में कई वरिष्ठ हिजबुल्लाह नेताओं की मौत हो गई। लेबनान में 4,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, जबकि लगभग 60,000 इजरायलियों को विस्थापित होना पड़ा है। इजरायली सेना ने बताया कि लेबनान ने सीमा के पास स्थित मेटुला नगर की ओर 6 रॉकेट दागे थे, जिनमें से 3 इजरायल की सीमा में घुस गए थे। हालांकि उन्हें इंटरसेप्ट कर लिया गया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने सेना को लेबनान के कई लक्ष्यों पर हमले करने का आदेश दिया है। ये हमले उन जगहों पर होने हैं जहां ईरान-समर्थित उग्रवादी समूह हिजबुल्लाह की मौजूदगी है।सेना ने यह भी कहा कि वह इस हमले में शामिल संगठन की पहचान की पुष्टि नहीं कर सकती।

# बलूचिस्तान आंदोलन का चेहरा बनी महरंग बलूच गिरफ्तारी के बाद लापता

एजेंसी



**क्वेटा।** पाकिस्तान सेना के आदेश पर बलूचिस्तान आंदोलन का चेहरा बन गई महरंग बलूच को क्वेटा पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है और गिरफ्तारी के बाद से वो गायब हैं। उनकी कोई जानकारी नहीं मिल रही है। बलूच यकजेहती समिति (बीवायसी) की नेता महरंग बलूच बलूचिस्तान में पाकिस्तान सरकार के दमन के खिलाफ होने वाले विरोध प्रदर्शनों की आवाज हैं। उन्हें उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वो बलूच समुदाय के खिलाफ हो रहे अत्याचारों के खिलाफ धरना प्रदर्शन में हिस्सा ले रही थीं। महरंग उस वक्त सुर्खियों में आई थीं जब बलूचिस्तान में बलूचों की होने वाली हत्याएं और उन्हें गायब किए जाने के खिलाफ दिसंबर 2023 में उन्होंने प्रदर्शन किया था। उस दौरान उन्होंने लॉन्ग मार्च निकाला था, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए थे। महरंग बलूच ने अपने प्रदर्शन के दौरान बलूचिस्तान के तुर्बत से इस्लामाबाद तक 1600 किलोमीटर तक का मार्च निकाला था, जिसमें हजारों बलूच महिलाओं और बलूच के लोगों ने हिस्सा लिया था। वह पाकिस्तानी सेना और पाकिस्तानी सरकार के क्रूर शासन के खिलाफ विरोध कर रही थीं। लेकिन अब सवाल ये उठ रहे हैं कि क्या महरंग बलूच वापस लौट पाएंगी। क्योंकि पाकिस्तानी सेना हजारों बलूचों को ऐसी ही गिरफ्तार करने के बाद गायब कर चुकी है। महरंग बलूच क्या जिंदा लौट पाएंगी, ये सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि उनके पिता को भी पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने ऐसे ही गिरफ्तार किया था और बाद में उनकी हत्या कर दी थी। बलूचिस्तान में सैकड़ों युवाओं को ऐसे ही गिरफ्तार करने के बाद पाकिस्तानी सेना ने हत्या कर दी है।

## लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट 18 घंटे बाद खुला

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में हीथ्रो एयरपोर्ट 18 घंटे बाद खुल गया। ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट यहां पर लैंड हुई। दरअसल एयरपोर्ट के पास एक इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन में गुरुवार रात आग लग गई थी। जिससे एयरपोर्ट का ऑपरेशन बंद करना पड़ा था। बंद के चलते 1350 फ्लाइट्स सस्पेंड हुई, जिनसे 2 लाख 91 हजार पैसेंजर्स प्रभावित हुए। आग वेस्ट लंदन के हेस में लगी थी। इस वजह से 5 हजार से ज्यादा घरों की बिजली गुल हुई। ब्रिटेन की काउंटर टेररिज्म पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि सबस्टेशन पर लगी आग के पीछे किसी का कोई गलत इरादा तो नहीं था।

# मेहुल चोकसी के भारत प्रत्यर्पण में फंसा पेंच

▸ पत्नी ने दिलवाई बेल्जियम की नागरिकता

एजेंसी



**एंटपर्व सिटी।** पीएनबी घोटाले में फरार और भारत से भगोड़ा घोषित कारोबारी मेहुल चोकसी बेल्जियम के एंटवर्प शहर में अपनी पत्नी के साथ शान से अपनी जिंदगी गुजार रहा है। यह शहर हीरा कारोबार के लिए दुनियाभर में मशहूर है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मेहुल चोकसी ने 15 नवंबर 2023 को बेल्जियम की ह्यएफ रेजिडेंसी कार्डह्न हासिल कर ली है, जिससे उसकी भारत वापसी की कोशिशें अब और जटिल हो गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मेहुल चोकसी की पत्नी प्रीति चोकसी बेल्जियम की नागरिक हैं, और उन्होंने ही उसे वहां की नागरिकता दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। मेहुल ने इस रेजिडेंसी को पाने के लिए गलत और फर्जी दस्तावेज जमा किए है, जिसमें झूठे दावे और फर्जी डिक्लेरेशन शामिल थे। इतना ही नहीं, उसने अपनी भारतीय और एंटीगुआ की नागरिकता को भी छुपाया। भारतीय एजेंसियों ने बेल्जियम सरकार से मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण की मांग की है। लेकिन नई बेल्जियम रेजिडेंसी के कारण यह प्रक्रिया मुश्किल हो गई है। मेहुल चोकसी अब यूरोप के कई देशों में बेरोकटोक आ-जा सकता है, जिससे भारत उसे वापस लाने के प्रयासों में बाधा पैदा हो गई है। मेहुल चोकसी अब स्विट्जरलैंड जाने की योजना बना रहा है। उसने अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को कारण बताते हुए हिर्सलैंडन क्लिनिक आराउ में इलाज की बात कही है। यह अस्पताल कैंसर के इलाज के लिए जाना जाता है और माना जा रहा है कि मेहुल चोकसी मानवीय आधार पर प्रत्यर्पण में देरी करवाने की कोशिश कर रहा है।

# सोशल मीडिया का सही तरीके से इस्तेमाल करना अधिक लाभकारी: शोध

एजेंसी




**सैन फ्रांसिस्को ।** कई विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया से दूरी बनाने से मानसिक तनाव कम हो सकता है, लेकिन एक नए शोध में यह सामने आया है कि इसे पूरी तरह छोड़ने की जरूरत नहीं है, बल्कि इसका सही तरीके से इस्तेमाल करना अधिक लाभकारी हो सकता है।

एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी युवा औसतन 4.8 घंटे प्रतिदिन यूट्यूब, टिकटॉक, इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर व्यतीत करते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि सोशल मीडिया लोगों के जीवन में कितनी गहराई से समाहित हो चुका है। ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने इस विषय पर एक विस्तृत अध्ययन किया और पाया कि सोशल मीडिया के अधिक समय तक उपयोग से चिंता, अवसाद और आत्मसम्मान में कमी की संभावना बढ़ जाती है। शोध के लिए 17 से 29 वर्ष के 393 कनाडाई युवाओं को तीन समूहों में विभाजित किया गया। पहले समूह को सोशल मीडिया का उपयोग जारी रखने दिया गया, दूसरे समूह ने इसे पूरी तरह छोड़ दिया, जबकि तीसरे समूह को सोशल मीडिया का संतुलित और समझदारी से उपयोग करने की ट्रेनिंग दी गई।

छह सप्ताह बाद अध्ययन के नतीजे चौंकाने वाले थे। जिन लोगों ने सोशल मीडिया छोड़ दिया और जिन्हें इसका संयमित उपयोग सिखाया गया, उन दोनों समूहों में मानसिक स्वास्थ्य में सुधार देखा गया। हालांकि, जिन्होंने पूरी तरह सोशल मीडिया से दूरी बना ली, उनमें चिंता और अवसाद के लक्षण तो कम हुए, लेकिन वे पहले की तुलना में अधिक अकेलापन महसूस करने लगे। दूसरी ओर, जिन्होंने सोशल मीडिया को संतुलित रूप से इस्तेमाल करना सीखा, वे कम अकेलापन महसूस कर रहे थे और उनकी ऑनलाइन बातचीत भी अधिक सकारात्मक हो गई थी। शोध की प्रमुख लेखिका, प्रोफेसर अमोरी मिकामी के अनुसार, सोशल मीडिया से पूरी तरह दूर रहना समाधान नहीं है, बल्कि इसे सही तरीके से उपयोग करने की कला सीखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया छोड़ने से व्यक्ति अपनी ऑनलाइन छवि निर्माण के दबाव से मुक्त हो सकता है, लेकिन इससे दोस्तों और परिवार से संपर्क भी टूट सकता है, जिससे अकेलापन बढ़ सकता है। इसलिए, सोशल मीडिया का नियंत्रित और रचनात्मक उपयोग ही मानसिक स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है। मालूम हो कि डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। संवाद, मनोरंजन और जानकारी प्राप्त करने के लिए लोग घंटों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बिताते हैं। हालांकि, इसका अत्यधिक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

## ग्रीनलैंड को ट्रंप की धमकी का मिला फायदा, पर्यटकों की संख्या में हुआ इजाफा

एजेंसी



**वाशिंगटन।** दुनिया के सबसे बड़े द्वीप ग्रीनलैंड ने इस साल लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे संयुक्त राज्य अमेरिका में मिलाने की बात कही थी। तब डेनमार्क से लेकर तमाम यूरोपीय देशों ने इसका विरोध किया था, लेकिन अब ट्रंप की धमकी ग्रीनलैंड के लिए फायदेमंद साबित होती दिख रही है। पिछले तीन महीनों में ग्रीनलैंड आने वाले पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ है। इतना ही नहीं जूनियर ट्रंप के यहां आने से कुछ समय पहले ही यहां की राजधानी नुउक में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन हुआ था, इससे पर्यटन में और भी ज्यादा तेजी आई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ग्रीनलैंड में क्रूज का संचालन करने वाले नुडसेन-ओस्टरमैन ने कहा कि ट्रंप की धमकी के बाद से ग्रीनलैंड आने वाले पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ है। बैंक ने भी पर्यटकों की ज्यादा संख्या के लिए अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए कहा है। ओस्टरमैन ने कहा कि अभी से हमें पहले की तुलना में काफी ज्यादा बुकिंग मिल रही है। बता दें जनवरी में ग्रीनलैंड उस वक्त दुनिया के ध्यान का केंद्र बन गया था जब डोनाल्ड ट्रंप के बेटे जूनियर ट्रंप वहां पर पहुंचे थे।

## खास खबर

### वॉर्नर एयर इंडिया पर भड़के

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर ने एयर इंडिया की उड़ान में देरी पर नाराजगी जाहिर की है। वॉर्नर का कहना है कि उनको और यात्रियों को एक ऐसे विमान में बैठा दिया गया जिसमें कोई पायलट ही नहीं था जिसके कारण उन्हें कई घंटों तक इंतजार करना पड़ा। वार्नर ने सोशल मीडिया पर लिखा, हम बिना पायलट वाले विमान में सवार हुए और घंटों विमान में इंतजार करते रहे। साथ ही सवाल किया कि जब पायलट ही नहीं था तो विमान में क्यों चढ़ाया गया। इस पर एयर इंडिया ने ने स्पष्ट किया कि बेंगलुरु में खराब मौसम की वजह से इस क्षेत्र में उड़ने वाली सभी एयरलाइनों में देरी हुई। साथ ही लिखा, आपकी फ्लाइट का संचालन करने वाला चालक दल इन व्यवधानों से प्रभावित पहले के कारण रुका हुआ था जिसके कारण प्रस्थान में देरी हुई।

### इरफान पठान को नहीं मिली आईपीएल कमेंट्री पैनल में जगह

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल ) के 18 वें सत्र में पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर इरफान पठान को कमेंट्री पैनल में जगह नहीं मिली है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार पठान पर कुछ खिलाड़ियों ने निजी कमेंट का आरोप लगाया था , इसी कारण उन्हें इस बार कमेंट्री पैनल में शामिल नहीं किया गया है। ये मामला ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का है। इस दौरान पठान ने कुछ खिलाड़ियों पर टीखी टिप्पणी की थी। इसके बाद खिलाड़ियों ने उनकी शिकायत की थी जिसके कारण ही पठान इस बार कमेंट्री करते नहीं दिखे हैं। ये भी कहा गया है कि कुछ खिलाड़ी पठान की टिप्पणी ही नहीं उनके रुवैये से भी नाराज थे। इसके अलावा बीसीसीआई के कुछ अधिकारी भी इरफान के रवैये को सही नहीं माननते थे। इस कारण एक खिलाड़ी ने तो इरफान का नंबर तक ब्लॉक कर दिया। इससे पहले संजय मांजरेकर को लेकर भी कुछ खिलाड़ियों ने शिकायत की थी, जिसके के बाद उन्हें भी कुछ समय के लिए कमेंट्री पैनल से बाहर कर दिया गया था। बता दें कि इरफान पठान एक सफल क्रिकेटिंग करियर के बाद कमेंट्री में भी खूब चर्चित हुए हैं।

### सुरक्षा घेरा तोड़कर विराट के पास पहुंचा प्रशंसक

**कोलकाता।** अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली अपने प्रशंसकों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। उनकी प्रति प्रशंसकों में कितनी दीवानगी है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आईपीएल के पहले मैच में विराट का एक प्रशंसक सुरक्षा घेरे को लांघकर उनके पास पहुंच गया। इस मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से विराट ने शानदार अर्धशतक लगाकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) केकेआर के खिलाफ मिली जीत में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान कोहली को देखने भारी तादाद में प्रशंसक मैदान में पहुंचे थे। इसी बीच एक प्रशंसक मैदान पर आ गया और उसने कोहली के पैर छूये। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ है। इसमें विराट जब बल्लेबाजी कर रहे थे तभी एक अति उत्साहित दर्शक उनके पास पहुंचा।

## आईपीएल 2025: विराट और सॉल्ट के तूफान में उड़ा कोलकाता

# आरसीबी ने 7 विकेट से जीता पहला मुकाबला

एजेंसी

**कोलकाता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2025 के पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सात विकेट से हरा दिया। ईडेन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में आरसीबी के बल्लेबाजों ने धमाकेदार अंदाज में जीत दर्ज की।



पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 174 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे (56) और सुनील नरेन (44) ने टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई, लेकिन मिडिल ऑर्डर लड़खड़ा गया। हालांकि आखिर में अंकुश रघुवंशी ने 30 रन की पारी खेल कर टीम को 174 के स्कोर तक पहुंचाया। आरसीबी के लिए क्रुणाल पांड्या ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 39 रन देकर 3 विकेट झटके। जबकि जोश हैजलवुड को दो विकेट मिले। वहीं यश दयाल, रसिक सलाम और सुयश शर्मा को एक-एक सफलता मिली। 175 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरूआत बेहद आक्रामक रही। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज फिल सॉल्ट (56) और विराट कोहली (59) ने पहले विकेट के लिए 95 रन जोड़कर मैच को एकतरफा बना दिया। सॉल्ट के आउट होने के बाद रजत पाटीदार (34) ने तेजतर्रार पारी खेली। कोहली ने 36 गेंदों में नाबाद 59 रन बनाकर टीम को 16.2 ओवर में जीत दिला दी।

आरसीबी की यह जीत ऐतिहासिक रही क्योंकि 2008 में आईपीएल के प्रथम सीजन में कोलकाता ने पहले मुकाबले में उन्हें हराया था। अब 18 साल बाद आरसीबी ने केकेआर से उस हार का बदला ले लिया है। विराट कोहली इस जीत के साथ टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं।

## एशिया खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर बैठक



**रांची ।** झारखंड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा इमरजेंसी मीटिंग रखा गया। मीटिंग में निर्णय लिया गया की बेंगलुरु में 29 मार्च 2025, को माफी मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन के द्वारा मीटिंग रखा गया है जो एशिया खेलकूद प्रतियोगिता के बारे में डिस्कस किया जाएगा। झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन की तरफ से झारखंड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट राजकुमार वाल्मीकि और जॉइन सेक्रेटरी, सुरजीत सिंह इस मीटिंग में शामिल होंगे और इस मीटिंग में निर्णय लिया गया जो बेंगलुरु में 4 से 9 फरवरी को नेशनल मास्टर खेलकूद प्रतियोगिता हुआ था उसका पूरा विवरण केके ठाकुर भैया के द्वारा खर्च के बारे में बताया गया। इस मीटिंग के अध्यक्षता सुरेन्द्र बारीक जी के द्वारा किया गया और समापन प्रेसिडेंट,राजकुमार वाल्मीकि जी के द्वारा किया गया झारखंड मास्टर एथलेटिक के सेक्रेटरी श्री लक्ष्मण राम ने सभी को यह जानकारी दिया गया कि इंडिया में ही इस बार एशियाई मास्टर खेलकूद प्रतियोगिता हो सकता है29 मार्च को फैसला लिया जाएगा बेंगलुरु में जैसे ही डेट और जगह आने पर सभी को जानकारी दे दिया जाएगा इस मीटिंग में निम्नलिखित पदाधिकारी शामिल हुए 1, सचिव, लक्ष्मण राम ,प्रेसिडेंट राजकुमार वाल्मीकि, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद साहू,जैन सेक्रेटरी केके ठाकुर,राजेंद्र महतो, सुरजीत सिंह ,मधु ओरांव, संजय ,पूजा कुमारी, जी बाबू देव ,सुरेन्द्र बारीक, इस मीटिंग में शामिल हुए।

## रांची जिला वॉलीबॉल लीग पुनः आरंभ

एजेंसी

**रांची।** लगातार दो दिनों के व्यवधान–21 मार्च को बारिश और 22 मार्च को आदिवासी संगठनों के बंद–के बाद, रांची जिला वॉलीबॉल लीग आज पुनः प्रारंभ हुआ। आज प्रतियोगिता के कुल 9 मैच खेले गए, जिनका संचालन अंतरराष्ट्रीय रेफरी संजय कुमार, राष्ट्रीय रेफरी अजय किस्पोट्टा, अरघु कांजीलाल, देवनाथ यादव, और अमन कुमार ने किया। इस अवसर पर झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष उत्तम राज, रांची जिला वॉलीबॉल संघ के कार्यकारी अध्यक्ष विकास वर्मा, वरिष्ठ खिलाड़ी प्रदीप भंडारी कमलेश होता भोला प्रताप सिंह अमरजीत सिंह खरे,रविंद्र ठाकुर,



नारायण घोष और सुनिर्मल बोस भी उपस्थित रहे।

**पहला मैच**- मकान की टीम ने द्रोण आग को सीधे सेटों में 25-10 एवं 25-16 से पराजित किया।

**दूसरा मैच** - मारवाड़ी वक्त धर्मशाला की टीम ने रांची विश्वविद्यालय कर्मचारी मनोरंजन संघ की बी टीम को 25-19, 24-26 और 25-11 अंकों से हराया।

**तीसरा मैच** - रांची विश्वविद्यालय कर्मचारी मनोरंजन संघ की ए टीम ने कौन को 26-24 एवं 25-15 अंकों से हराया।

**चौथा मैच** - रांची विश्वविद्यालय कर्मचारी मनोरंजन संघ की बी टीम ने गाड़ीगांव बी को 25-19, 26-24 और 16-14 अंकों से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

**पांचवां मैच** - ऑक्सीजन पार्क बी की टीम ने डाला डाली को 25-16 और 25-19 अंकों से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। मेकन की टीम ने गणेश संघर्ष के बाद इससे को संघर्षपूर्ण तीन मुकाबले में 25-15 18-25 और 15 -8 अंको से पराजित किया। मोरहाबादी वॉलीबाल क्लब ने पंडरा वॉलीबॉल टीम को सीधे सेटों में 25-19,25-23 अंकों से पराजित किया। इस मैच में मारवाड़ी युवक व्यायामशाला ने गाड़ी गांव वॉलीबॉल टीम को सीधे सेटों में 25-20,25-11 अंकों से हराकर अगले राउंड में पहुंची। प्रतियोगिता का अगला चरण कल खेला जाएगा, जिसमें अन्य प्रमुख मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

## राज्य महिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता का उद्घाटन

एजेंसी

**रांची।** जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा वाईबीएन पब्लिक स्कूल धुर्वा सेक्टर- 2 में चौथी झारखंड राज्य महिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2024- 25 का आयोजन दिनांक 22-23 मार्च 2025 को किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में पुरे झारखंड से लगभग 360 महिला ताइक्वांडो खिलाड़ी, कोच, मैनेजर भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड राज्य युवा बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि कुमार गौरव, विशिष्ट अतिथि महिला क्षत्रीय महासभा की कार्यकारी अध्यक्ष मनीषा सिंह, राष्ट्रीय जनता दल की उपाध्यक्ष अनीता यादव, भारतीय ताइक्वांडो



महासंघ के महासचिव प्रभात कुमार शर्मा, झारखंड ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष श्री गोपाल कुमार, झारखंड ताइक्वांडो संघ के महासचिव श्री संजय कुमार शर्मा एवं झारखंड ताइक्वांडो संघ के उपाध्यक्ष एवं रांची जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिवझ सह आयोजन सचिव मिथिलेश कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में मेडल तालिका में रांची जिला प्रथम स्थान पर एवं पूर्वी सिंहभूम दूसरे स्थान पर समाचार लिखे जाने तक चल रहे थे। आज के उद्घाटन समारोह में मंच संचालन की भूमिका अनंतनाग चंदन के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल लाने वाले खिलाड़ी देहरादून में होने वाले आगामी नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड टीम के तरफ से भाग लेंगे।

## तीरंदाजी में विजय सूंडी स्वर्ण एवं स्कूर्ति सिंह ने जीता ब्रोंज मेडल

एजेंसी

**रांची ।** दिल्ली नेहरू स्टेडियम में 21 से 23 तक आयोजित पैरा खेलो इंडिया गेम्स तीरंदाजी में झारखंड के विजय सूंडी ने ओवरऑल चैम्पियन बने एवं स्कूर्ति सिंह ने कांस्य पदक जीते दोनों तीरंदाज के बेहतरीन प्रदर्शन से पूरे राज्य नाम रोशन हुआ जिसके लिए पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद युवा कार्य विभाग के सचिव श्री मनोज कुमार जी एवं खेल निदेशक श्रीमती अंजलि यादव जी, उप निदेशक सह पैरा खेलो इंडिया का सीडीएम श्री राजेश कुमार जी खेल फैलो श्री मणिकान्त जी, पैरा खेलो इंडिया के नोडल जिला खेल पदाधिकारी श्री मनोज कुमार जी समेत झारखंड के सभी प्रशिक्षक एवं पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ी एवं उनके प्रशिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।



## हेनरी बचे दो टी20 मैचों से हुए बाहर

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी चोटिल होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले शेष दो टी20 मैचों से बाहर हो गये हैं। हेननी को ये चोट आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में लगी थी जिससे वह अभी तक नहीं उबर पाये हैं। हेनरी के बाहर होने से पाक को राहत मिली है। मेजबान कीवी टीम अभी तक इस सीरीज में 2-1 से आगे है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि हैनरी के बाहर होने से तेज गेंदबाज जैक फाउल्क्स को अंतिम दो मैचों के लिए टीम में बरकरार रखा जाएगा। उन्हें पहले तीन मैचों के लिए कवर के तौर पर रखा था। वहीं विल ओरूर्के को काइल जैमीसन की जगह अंतिम दो मैचों के लिए टीम में रखा गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, कैंटरबरी के 22 साल के तेज गेंदबाज फाउल्क्स अंतिम दो मैचों के लिए टीम के साथ बने रहेंगे।

## वसीम जाफर ने ऑरेंज और पर्पल कैप को लेकर कर दी भविष्यवाणी

एजेंसी

**मुंबई ।** आईपीएल 2025 का आगाज होने को है, इसके पहले पूर्व क्रिकेटरों का टूनार्मेट को लेकर भविष्यवाणी देने का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मौजूदा जानकार वसीम जाफर ने सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी को लेकर अपनी भविष्यवाणी की है। जाफर ने इस बार ऑरेंज कैप के लिए साई सुदर्शन को, पर्पल कैप के लिए अर्शदीप सिंह को दावेदार बता दिया है। साई गुजरात जाएंट्स का हिस्सा हैं, वहीं अर्शदीप पंजाब किंग्स के लिए खेल रहे हैं। इस जोड़ी की भिड़ंत 25 मार्च को नरेंद्र




मोदी स्टेडियम में होगी। गुजरात टाइटंस ने 2024 सीजन के बाद साई सुदर्शन को 8.50 करोड़ रुपये में रिटेन किया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने बीते सीजन शानदार प्रदर्शन कर 12 पारियों में 47.91 की औसत और 141.29 की स्ट्राइक रेट से 527 रन बनाए थे। वे जीटी के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और कुल मिलाकर छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। वहीं अर्शदीप ने भी 2024 सीजन के दौरान अपना बेहतर प्रदर्शन किया था। उन्होंने 14 पारियों में 26.58 की औसत और 10.03 की इकॉनमी रेट से 19 विकेट झटके थे। हालांकि उन्हें सीजन के बाद पीबीकेएस द्वारा रिटेन नहीं किया गया, लेकिन फ्रैंचाइजी ने उन्हें राइट-टू-मैच कार्ड के जरिए 18 करोड़ रुपये में आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में अपने स्क्वॉड में फिर शामिल किया। पिछले दो सीजन में ऑरेंज कैप और पर्पल कैप भारतीय खिलाड़ियों ने जीती हैं। 2024 में विराट कोहली और हर्षल पटेल क्रमशः सबसे ज्यादा रन और विकेट लेने वाले खिलाड़ी रहे, जबकि 2023 में शुभमन गिल और मोहम्मद शमी ने इस पहना था। जोस बटलर (2022) और कैगिसो रबाडा (2020) क्रमशः ऑरेंज कैप और पर्पल कैप जीतने वाले अंतिम विदेशी खिलाड़ी थे।

## विराट कोहली ने पहनी 2.50 करोड़ रुपये कीमत की घड़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हाल ही में भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को कोलकाता में आईपीएल 2025 के लिए देखा गया। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की जर्सी पहने हुए शहर में एंट्री करते ही प्रशंसकों ने तुरंत उनकी घड़ी पर ध्यान दिया। विराट कोहली ने जो घड़ी पहनी थी, वह रोलेक्स डेटोना ले मैन्स 100वीं वर्षगांठ वाली वॉच थी। इसकी कीमत लगभग 2.50 करोड़ रुपये है। इतनी कीमत में दिल्ली में आसानी से लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा जा सकता है। विराट कोहली का महंगी घड़ियों का शौक किसी से छुपा नहीं है। इस बार भी उन्होंने सबको अपनी घड़ी से आकर्षित किया। वह हाल ही में आईपीएल 2025 के लिए कोलकाता में थे। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की जर्सी पहनी थी। लोगों ने उनकी शानदार घड़ी को तुरंत नोटिस किया। विराट कोहली ने जो घड़ी पहनी थी, वह रोलेक्स डेटोना थी। यह ले मैन्स



की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर बनाई गई विशेष घड़ी है। यह घड़ी अपनी सुंदरता और कारीगरी के लिए जानी जाती है। इसमें 18 कैरेट पीले सोने का केस है। इसके साथ ही, इसमें काले रंग का सिरेमिक बेजल भी है। इस घड़ी की कीमत भी इसकी सुंदरता के जैसी ही है। द इंडियन होरोलॉजी के अनुसार, इस घड़ी की खुदरा कीमत 47.59 लाख रुपये है। लेकिन, बाजार में इसकी कीमत 2.50 करोड़ रुपये तक जा सकती है। इस घड़ी में पॉल न्यूमैन स्टाइल के काउंटर हैं। यह डायल पर बने हुए हैं। यह घड़ी बहुत टिकाऊ है। इसमें खरोंच से बचाने वाला नीलम क्रिस्टल लगा है। इसमें ट्रिपल वाटरप्रूफ प्रोटेक्शन के साथ एक स्क्रू-डाउन क्राउन भी है। घड़ी का डायल काले और सफेद रंग का है। इसमें चमकदार मार्कर हैं। इससे यह हर तरह की रोशनी में आसानी से दिखती है। इसमें 18 कैरेट सोने का ऑयस्टर ब्रेसलेट है। यह घड़ी को सुरक्षित और आरामदायक बनाता है। बता दें कि विराट कोहली क्रिकेट की दुनिया के बड़े नाम हैं।

## झारखंड राज्य अस्मिता हॉकी लीग

# सिमडेगा और हजारीबाग फाइनल में

### सब जूनियर वर्ग में हॉकी सिमडेगा और हॉकी रांची की टीम फाइनल में

एजेंसी

**रांची ।** 7वें दिन जुनियर और सब जूनियर दोनो वर्गो का सेमीफाइनल खेले गए। जूनियर वर्ग सिमडेगा और हजारीबाग तथा सब जूनियर वर्ग में सिमडेगा एवम रांची टीम जीत हासिल की। भारतीय खेल प्राधिकरण ( युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय) एवम हॉकी इंडिया के सहयोग से 17 से 24 मार्च 2025 तक हॉकी झारखंड के द्वारा रांची में आयोजित झारखंड अस्मिता हॉकी लीग 2025 सब जूनियर और जूनियर महिला का आज सातवे दिन दोनो वर्गो का सेमी फाइनल मैच खेले गए है। जूनियर वर्ग मेंहॉकी हजारीबाग ने हॉकी पलामू को 4 -0 से और हॉकी सिमडेगा ने हॉकी खूंटी को 5-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश की।सब जूनियर वर्ग के सेमी फाइनल में हॉकी सिमडेगा ने हॉकी खूंटी को 3-1 से, हॉकी रांची ने हॉकी पलामू को 5-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश की। दोनो वर्गो का फाइनल मैच और तीसरे एवं चौथे के लिए खेले जाएंगे। इससे पूर्व आज हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, हॉकी रांची के सचिव जयंत केरकेट्टा , हॉकी कोच सुधीर गोला ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सातवे दिन खेले गए विभिन्न सेमीफाइनल मैच का प्रारंभ कराया।



# कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड का दो दिवसीय प्रतियोगिता सम्पन्न

## बालक वर्ग में बोकारो ने धनबाद को एवं बालिका वर्ग में चतरा ने देवघर को पराजित कर जीता खिताब

▶ कबड्डी के विकास के लिए संघ को हर संभव मदद : मथुरा

एजेंसी

**धनबाद ।** मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, धनबाद में रविवार को कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड की ओर से 12वीं झारखंड राज्य सब जूनियर (बालक एवं बालिका) कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस अवसर पर समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखण्ड विधानसभा के मुख्य सचेतक (सत्तारूढ़ दल) सह विधायक, टुंडी मथुरा प्रसाद महतो एवं विशिष्ट अतिथि झारखंड स्टेट इंटर कॉलेज शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के



अध्यक्ष गोपाल ठाकुर एवं कबड्डी एसोसिएशन के मानद सचिव विपिन कुमार सिंह व आयोजन सचिव मदन कुमार राय उपस्थित थे। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में झारखंड के 22 जिले के 638 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रतियोगिता के बालक वर्ग में फाइनल मुकाबले में 36 अंक के साथ बोकारो विजेता बना, वहीं उपविजेता धनबाद की टीम ने 35 अंक प्राप्त किया। वहीं कोडरमा एवं गढ़वा की टीम संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में 37 अंक के साथ चतरा की टीम विजेता व 31 अंक के साथ देवघर की टीम उपविजेता रही। वहीं एवं गढ़वा की टीम तृतीय स्थान पर रही। इस दौरान पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि कबड्डी का खेल सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि खेल के माध्यम से जीवन की कई उपलब्धियों को प्राप्त कर अपने जिले, राज्य से लेकर देश का नाम रौशन कर सकते हैं। श्री महतो ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से खिलाड़ियों के अंदर खेल भावना के विकास के साथ क्षेत्र की खेल प्रतिभा को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, ऐसे आयोजन को हर संभव मदद को तत्पर है ' उन्होंने इसके लिए आयोजक को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार सिंह ने कहा कि राज्य कबड्डी संघ ने इस आयोजन को सफलीभूत कर खेल एवं खिलाडियों को एक नई दिशा दी है। इस दौरान कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने कहा कि झारखंड राज्य में खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से धनबाद में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आनेवाले समय में धनबाद में राष्ट्रीय कबड्डी के आयोजन भी किये जायेंगे।

इस अवसर पर राज्य संघ के मानद चेयरमैन बिपिन कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता के दौरान जिला प्रशासन, धनबाद सहित जिला खेल पदाधिकारी एवं खेल कार्यालय के सभी कार्मियों की भागीदारी सराहनीय रही। मौके पर एसोसिएशन के सचिव मुकेश कुमार सिंह, तेजनारायण, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, मदन महतो, बीसीसीएल के खेल प्रबंधक राजीव रंजन त्रिवेदी,आलोक कुमार, प्रद्युम्न पांडेय, हैदर हुसैन, विक्की कुमार, सुविज्ञा, प्रकाशित मिंज, रेशम तारा, आशा कुमारी, प्रेम कुमार सहित अन्य खेलप्रेमी मौजूद थे।



मियामी ओपन टेनिस में खेलती हुई जापान की नाओमी ओसाका।



## मैटरनिटी ब्रेक के बाद लाइट, कैमरा, एक्शन को तैयार दीपिका पादुकोण

बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्री में से एक दीपिका पादुकोण बीते साल सितंबर 2024 में मां बनी थीं। उन्होंने पति रणवीर सिंह के साथ बेटी का स्वागत किया था, जिसका नाम दुआ है। बेटी के जन्म के बाद फिलहाल दीपिका मैटरनिटी ब्रेक पर हैं और अब हाल ही में खबर सामने आई है कि वे जल्द ही फिल्म सेट पर वापसी करने वाली हैं। आखिरी बार उन्हें रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में देखा गया था, जो दिवाली 2024 पर रिलीज हुई थी। हालांकि, प्रेग्नेंसी के कारण उन्होंने फिल्म के प्रमोशन में हिस्सा नहीं लिया। तब से ही उनकी वापसी को लेकर तमाम अटकलें लगाई जा रही थीं। अब, उनके फैंस के लिए एक अच्छी खबर आई है कि दीपिका जल्द ही फिल्म सेट पर वापसी कर रही हैं। दीपिका की अगली बड़ी फिल्म कल्कि 2898 ई. हैं, जिसमें प्रभास और अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिकाओं में हैं। डायरेक्टर नाग अश्विन ने हाल ही में फिल्म और इसके शूटिंग शेड्यूल के बारे में अपडेट दिया है। पहले खबरें थीं कि कल्कि 2898 ई.का सीक्वल 2025 की गर्मियों में आएगा, लेकिन अब इसमें देरी होगी है। हाल ही में एक इवेंट के दौरान डायरेक्टर नाग अश्विन ने बताया कि सीक्वल की तैयारियां जोरों पर हैं और इसकी शूटिंग दिसंबर 2025 में शुरू होगी। इसका मतलब यह हुआ कि दीपिका का मैटरनिटी ब्रेक दिसंबर 2025 तक खत्म हो सकता है और वह शूटिंग के लिए लौट सकती हैं। दीपिका ने हाल ही में पठान 2 की घोषणा से भी सुर्खियां बटोरीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख खान के साथ उनकी यह फिल्म अगले साल फ्लोर पर जा सकती है।

## अभिषेक को मिला पहला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड, गदगद हुए अमिताभ

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने बेटे अभिषेक बच्चन की जमकर तारीफ की है। अभिषेक को हाल ही में पहला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड मिला है। हाल ही में महानायक के बेटे और बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन को शोशा रील अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट एक्टर (जूरी) अवॉर्ड मिला। बेटे को मिले इस सम्मान से वह गर्व से झूम उठे। उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया और बेटे की सफलता की खुशी फैंस के साथ शेयर की। लेकिन इस पोस्ट में उन्होंने फिर उत्तराधिकारी की बात कर डाली। हाल ही में अभिषेक बच्चन को एक अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट एक्टर (जूरी) अवॉर्ड मिला। उन्हें ये अवॉर्ड 2024 में रिलीज़ हुई फिल्म 'आई वांट टू टॉक' के लिए मिला। वीडियो के साथ, अमिताभ बच्चन ने एक प्यारा नोट भी लिखा और अपने बेटे को सच्चा उत्तराधिकारी कहा। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अमिताभ बच्चन ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें अभिषेक अवॉर्ड लेते और सभी का धन्यवाद करते नजर आ रहे हैं। वीडियो शेयर कर उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेरे बेटे, बेटे होने से मेरे उत्तराधिकारी नहीं होंगे। जो मेरे उत्तराधिकारी होंगे वो मेरे बेटे होंगेज्हरिवंश राय बच्चन। अभिषेक का भाषण भावुक कर देने वाला था, जिसमें उन्होंने शूजीत सरकार और अपने सह-कलाकारों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, यह मेरा पहला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड है। मैं सम्मानित जूरी का धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे योग्य समझा। इसका पूरा श्रेय शूजीत दा को जाता है, जो एक अद्भुत निर्देशक हैं। मैं इस सम्मान को अपनी दो शानदार ऑन-स्क्रीन बेटियों, अहिल्या और पर्ल के साथ साझा करना चाहता हूं, जिन्होंने मुझे बहुत अच्छा दिखाया। यहां मौजूद सभी साथी कलाकारों और फिल्म निर्माताओं को धन्यवाद, आपका काम मुझे हर दिन खुद का सबसे अच्छा संस्करण बनने के लिए प्रेरित करता है।





# बॉलीवुड की नायिकाओं को मिल रही साउथ इंडस्ट्री में भारी फीस



बॉलीवुड की नायिकाओं को साउथ इंडस्ट्री में बड़े बजट की फिल्मों में काम करने के लिए भारी भरकम फीस दी जा रही है। 'एनिमल' में खलनायक की भूमिका निभाने के बाद बॉबी देओल दक्षिण भारत में काफी लोकप्रिय हो गए हैं !बॉबी अब लगातार साउथ की फिल्मों में नजर आ रहे हैं। उनकी अगली फिल्म 'सनी जाट' का निर्माण और निर्देशन भी दक्षिण भारतीय फिल्मकारों द्वारा किया जा रहा है। इसी तरह, साउथ फिल्म निर्माता बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस को भी आकर्षक ऑफर्स दे रहे हैं। हाल ही में खबर आई थी कि एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित महेश बाबू की फिल्म स्स्स्ब्र29 के लिए प्रियंका चोपड़ा को 30 करोड़ रुपये की भारी फीस दी गई है। ऐसा माना जा रहा है कि प्रियंका इस फिल्म में विलेन का किरदार निभा रही हैं, और यह एक पैन-वर्ल्ड प्रोजेक्ट है, जिसका बजट 1000 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। अब इसी तरह की खबरें कियारा आडवाणी को लेकर भी आ रही हैं। कियारा, जो पहले ही बॉलीवुड में कई हिट फिल्में दे चुकी हैं, अब साउथ के सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के लिए साइन की गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म के लिए उन्हें 15 करोड़ रुपये की फीस दी जा रही है। हालांकि, इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अगर यह सही साबित होती है, तो कियारा भी बॉलीवुड की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में शामिल हो जाएंगी। गौरतलब है कि कियारा आडवाणी की पिछली फिल्म 'गेम चेंजर' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। इसके बावजूद, उनकी स्टार पावर बरकरार है। मां बनने की खबर के बाद उन्होंने फरहान अख्तर की 'डॉन 3' छोड़ दी थी, लेकिन फिर भी बड़े बजट की फिल्मों में उनकी मांग बनी हुई है। इसके अलावा, कियारा 'वॉर 2' में भी नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर हैं। ऐसे में 2025 कियारा के लिए करियर का बड़ा साल साबित हो सकता है। वहीं, दीपिका पादुकोण ने 'कल्कि 2898 एडी' के लिए 20 करोड़ रुपये की फीस ली थी, और अब कियारा भी इसी लिस्ट में शामिल हो सकती हैं। साउथ इंडस्ट्री का यह ट्रेंड यह दिखाता है कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की टॉप हीरोइन्स अब सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनकी डिमांड पूरे देश और ग्लोबल सिनेमा में बढ़ रही है। मालूम हो कि दक्षिण भारतीय फिल्म निर्माता अब हिंदी फिल्मों के बड़े सितारों को अपनी फिल्मों में कास्ट कर रहे हैं, जिससे उनकी फिल्मों को उत्तर भारतीय बाजार में भी बड़ी सफलता मिल रही है।

# पैसेंजर्स की परवाह करने का दावा करने वाली एयरलाइन में हमदर्दी कहां है: लीजा रे



हाल ही मेंमशहूर अभिनेत्री लीजा रे ने एक एयरलाइन पर असंवेदनशील होने का आरोप लगाया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर इस मामले ने तूल पकड़ लिया। एक पोस्ट साझा करते हुए लीजा रे ने बताया कि उनके 92 वर्षीय बीमार पिता की हालत के चलते उन्हें अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी, लेकिन डॉक्टर का प्रमाणपत्र जमा करने के बावजूद एयरलाइन ने किसी भी तरह की रियायत देने से इनकार कर दिया। उन्होंने लिखा, फिर से शुरू हो गया। मेरे पिता 92 साल के हैं और बीमार हैं। मुझे उनकी बीमारी के कारण ट्रैवल कैंसिल करना पड़ा। डॉक्टर का लेटर सबमिट करने के बाद भी छूट देने से इंकार कर दिया गया? ये कैसे संभव है? पैसेंजर्स की परवाह करने का दावा करने वाली एयरलाइन में हमदर्दी कहां है???उनकी इस पोस्ट के वायरल होते ही लोगों ने एयरलाइन की नीति और रवैये की आलोचना करनी शुरू कर दी। बढ़ते विवाद को देखते हुए एयरलाइन ने भी जवाब दिया और लीजा रे से उनके ईमेल आईडी या केस आईडी की जानकारी मांगी ताकि वे इस मामले की समीक्षा कर सकें। एयरलाइन ने कहा, डियर लीजा रे, हम आपकी चिंता से हमदर्दी रखते हैं और आपके पिता के जल्द ठीक होने की कामना करते हैं। कृपया हमें वह ईमेल एड्रेस या केस आईडी बताएं, जिससे आपने संपर्क किया था, ताकि हम इस पर गौर कर सकें। बाद में एयरलाइन ने एक और पोस्ट किया, कृपया हमें कुछ समय दें। हम दी गई जानकारी की समीक्षा कर रहे हैं और आपकी चिंता को जल्द से जल्द दूर करने का प्रयास करेंगे। आपसे अनुरोध है कि अपनी संपर्क जानकारी और सुविधाजनक समय डीएम के जरिए साझा करें। बात करें लीजा रे के करियर की, तो उन्होंने 90 के दशक में मॉडलिंग से अपनी शुरुआत की थी और कई विज्ञापनों में काम किया। साल 2001 में उन्होंने फिल्म कसूर से बॉलीवुड में कदम रखा, जिसके बाद दीपा मेहता की फिल्म वॉटर से उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। उन्होंने कनाडाई फिल्मों में भी अभिनय किया है। कैंसर से जंग जीतने के बाद उन्होंने लेखन की दुनिया में भी कदम रखा।



## शादी और बच्चे जीवन की अनिवार्यता नहीं: किम शर्मा

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री किम शर्मा ने शादी और मातृत्व को लेकर अपने विचार साझा किए। एक्ट्रेस ने कहा कि मां बनना उनकी योजना का हिस्सा नहीं है। किम का मानना है कि शादी और बच्चे को जीवन की अनिवार्यता मानने की कोई जरूरत नहीं है, बल्कि यह हर व्यक्ति की निजी पसंद होनी चाहिए। एक इंटरव्यू में किम शर्मा ने पारंपरिक विवाह और माता-पिता बनने को लेकर समाज के नजरिए पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'हमारे समाज में शादी को इस तरह देखा जाता है कि एक व्यक्ति के साथ पूरी जिंदगी बितानी ही होगी। खाना बनाना, घर संभालना, बच्चों का टिफिन तैयार करना—ये सब अनिवार्य मान लिया जाता है। लेकिन मैं कहती हूं कि अगर आप इसे कुछ सालों तक अनुभव करना चाहते हैं तो करें, अगर पूरी जिंदगी जीना चाहते हैं तो करें, और अगर नहीं करना चाहते तो मत करें।' जब उनसे यह पूछा गया कि क्या वह शादी करके बच्चे पैदा करने की योजना बना रही हैं, तो उन्होंने तुरंत असहमति जताई और कहा कि मां बनना उनकी प्राथमिकता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चे पैदा करने का मतलब यह नहीं होता कि वे बुढ़ापे में माता-पिता की देखभाल करेंगे। किम ने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'मैं देखना चाहती हूं कि आज के दौर में कितने बच्चे अपने माता-पिता के बुढ़ापे में उनके पैर दबा रहे हैं। सच तो यह है कि बहुत ही कम बच्चे अपने माता-पिता के लिए मौजूद होते हैं। माता-पिता अपनी पूरी जिंदगी अपने बच्चों को देते हैं, लेकिन जब उन्हें जरूरत होती है तो बच्चे अक्सर व्यस्त होने का बहाना बना लेते हैं।' किम का मानना है कि माता-पिता बनना कोई लेन-देन का सौदा नहीं है, जहां एक व्यक्ति यह सोचकर बच्चा पैदा करे कि वह उसका बुढ़ापे में सहारा बनेगा। उन्होंने कहा, अगर कोई यह सोचकर बच्चे पैदा कर रहा है कि वह बुढ़ापे में उसकी देखभाल करेगा, तो यह बेहद गलत मानसिकता है। बच्चे इस दुनिया में इसलिए नहीं आते कि वे किसी का कर्ज चुकाएं।'

## सोहा ने बिल गेट्स से अपनी पुस्तक 'सोर्स कोड' पर लिया ऑटोग्राफ

हाल ही में अमेरिकी बिजनेसमैन और परोपकारी बिल गेट्स के साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस सोहा अली खान ने एक खास मुलाकात की। इस दौरान सारा ने उनकी किताब सोर्स कोड पर ऑटोग्राफ भी लिया। एक्ट्रेस ने अपनी इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं और गेट्स की सोच और सकारात्मकता की तारीफ की। सोहा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, यह मानना कि दुनिया बदतर होती जा रही है, कि हम अत्यधिक गरीबी और बीमारी का समाधान नहीं कर सकते, सिर्फ गलत नहीं है, बल्कि यह हानिकारक भी है। किसी समझदार, धनी, उदार, समाधान-उन्मुख और सबसे महत्वपूर्ण रूप से आशावादी व्यक्ति से मिलकर और उनकी पुस्तक पर हस्ताक्षर प्राप्त कर बहुत खुशी हुई!। इस बीच, सोहा अली खान अपनी फिटनेस को लेकर भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह पुश-अप्स, जंपिंग जैक, एब क्रंच, वन-लेग लंज और ट्रेडमिल रनिंग करती नजर आईं। उन्होंने इस पोस्ट के साथ कैप्शन दिया, सप्ताह भर जोर लगाते हुए... वर्कआउट वेडनसडे, जिससे उनके प्रशंसकों को फिटनेस के प्रति प्रेरणा मिली। वहीं, अगर उनके वर्कफ्रंट की बात करें, तो सोहा जल्द ही छोरी 2 में नजर आएंगी। यह फिल्म 2021 में आई हॉरर-ड्रामा 'छोरी' का सीक्वल है, जिसमें नुसरत भरूचा मुख्य भूमिका में थीं। विशाल फुरिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण टी-सीरीज, क्रिप्ट टीवी और अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। इस फिल्म में मीता वशिष्ठ, पल्लवी अजय, यानि भारद्वाज, राजेश जैस और सौरभ गोयल भी अपनी पिछली भूमिकाएं दोहराते नजर आएंगे। फैंस जहां सोहा की इस खास मुलाकात को लेकर उत्साहित हैं, वहीं उनकी आगामी फिल्म 'छोरी 2' को लेकर भी काफी उत्सुकता बनी हुई है।गौरतलब है कि बिल गेट्स तीन साल में तीसरी बार भारत आए हैं और इस दौरान वह राजनीतिक और सामाजिक रूप से प्रभावशाली हस्तियों से मुलाकात कर रहे हैं। उनकी इस यात्रा को लेकर काफी चर्चा हो रही है, क्योंकि वह भारतीय विकास और परोपकार से जुड़े कई विषयों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।



# जेल में बिताए दिनों को लेकर एजाज खान ने किए चौंकाने वाले खुलासे

कुछ समय पहले ड्रग्स मामले में गिरफ्तार हुए अभिनेता एजाज खान ने दावा किया कि उन्होंने जेल में रहते हुए शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान और शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की मदद की थी। अभिनेता एजाज खान ने जेल में बिताए अपने दिनों को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। एक इंटरव्यू में एजाज ने बताया कि जब वह मुंबई की आर्थर रोड जेल में थे, तब आर्यन और राज कुंद्रा भी वहां मौजूद थे। उन्होंने कहा, हां, आर्यन भी वहीं था। हमने शाहरुख के बेटे को पानी, सिगरेट सब दिया। जेल में इससे ज्यादा कोई क्या दे सकता है? वहां गुंडों और माफियाओं से बचाना भी जरूरी होता है, वरना पैसा देना पड़ता। आर्यन खान कॉमन बैरक में था, जबकि मैं और राज कुंद्रा बैरक नंबर 6 में थे। जेल में 3,500 से ज्यादा अपराधी हैं, वहां हर किसी से बचना मुश्किल होता है। जब एजाज से पूछा गया कि क्या जेल से बाहर आने के बाद उनकी आर्यन से मुलाकात हुई, तो उन्होंने कहा, कोई मीटिंग नहीं हुई। ये ऐसा ही है कि नेकी कर दरिया में डाल। लेकिन जो खानदानी और मर्द आदमी होगा, वो तुम्हें कभी नहीं भूल सकता। एजाज ने राज कुंद्रा के बारे में भी कई बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि जेल में रहते हुए राज अक्सर उनके जरिए पानी, ब्रेड और बिस्किट मांगते थे। सुपरिंटेंडेंट ने राज को साफ मना कर दिया था कि कोई उसे बिसलेरी नहीं देगा, सिर्फ नॉर्मल पानी मिलेगा। लेकिन वो अगर नॉर्मल पानी पीता तो बीमार हो जाता। इसलिए मैंने उसकी मदद की, एजाज ने कहा। हालांकि, जेल से बाहर आने के बाद राज कुंद्रा के व्यवहार से एजाज नाराज दिखे। उन्होंने कहा, राज ने एक इंटरव्यू में कहा था कि एजाज खान ने उसकी बहुत मदद की। लेकिन इससे क्या फर्क पड़ता है? उसने जेल में हुए जुल्म पर एक फिल्म बनाई, लेकिन उसमें मेरा रोल ही काट दिया। मेरा किरदार तो रखता, ताकि दुनिया देखती कि मैंने उसके लिए कितनी दुश्मनी ली, सबके खिलाफ जाकर उसकी मदद की। राज कुंद्रा को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए एजाज ने आगे कहा, मैंने उसे जेल में ब्रेड, बटर, बिस्किट दिया, लेकिन उसकी कोई कीमत नहीं। अगर बाहर आकर कोई मुझे पांच करोड़ भी दे, तो वो कम होगा, लेकिन उसने तो पांच रुपये भी नहीं दिए। उन्होंने यह भी कहा कि राज कुंद्रा ने जेल में जो समय उनके साथ बिताया, उतना शायद उन्होंने अपनी पत्नी शिल्पा शेट्टी के साथ भी नहीं बिताया होगा। हम वहां 24 घंटे साथ रहते थे। दुख होता है कि आज वो बड़ी-बड़ी पार्टियां करता है, लेकिन मुझे कभी नहीं बुलाता। वो उन लोगों को बुलाता है, जो उसे बदनाम कर रहे थे।



# विकसित भारत के निर्माण में बिहार प्रवासियों का अहम योगदान : जायसवाल




**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर द्वारा बिहार दिवस के उपलक्ष्य में एक भारत, श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत सेक्टर-75 स्थित एक बैंक्वेट हाल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य अतिथि बिहार राज्य के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद संजय जायसवाल, सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा सहित अन्य उपस्थिति रहे।

प्रेस वार्ता में सांसद संजय जायसवाल ने बिहार की संस्कृति व बिहारी प्रवासियों के विकसित भारत के निर्माण में योगदान पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में आज बिहार प्रगति पथ पर अग्रसर है। आज बिहार में एक्सप्रेसवे के माध्यम से शहरों और गांव की दूरी आपस में बहुत कम हो गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का गंगा एक्सप्रेसवे आगे चलकर बिहार के शहरों से भी जुड़ेगा। आज बिहार में फिर से व्यापारी अपने कल-कारखाने लग रहे हैं और बिहार के लोगों को उन्हीं के क्षेत्र में रोजगार भी उपलब्ध करा रहे हैं।

संजय जायसवाल ने नोएडा में रहने वाले प्रवासी बिहार वासियों अपील कि वे आगामी बिहार चुनाव में वहा निवासित अपने परिवरजनों से भाजपा को वोट करने की अपील करें। उन्होंने कहा की भारत के गौरवशाली इतिहास को कायम रखने में बिहार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए गौतमबुद्ध नगर के सांसद डा. महेश शर्मा ने बिहार व नालंदा की संस्कृतिक विरासत पर चर्चा की। उन्होंने नोएडा में रहने वाले बिहार के निवासियों से आहवान करते हुए कहा कि भाजपा को जैसी जीत उत्तर प्रदेश में दिलवाई हैं वैसी ही जीत बिहार में दिलाने में प्रवासी बिहारियों का विशेष योगदान रहेगा।

प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व विधायक विमला बाथम, भाजपा नोएडा जिलाध्यक्ष महेश चौहान,प्रदेश उपाध्यक्ष बिहार शैलेन्द्र मिश्रा, जुगराज चौहान, उमेश त्यागी, मनीष शर्मा, चंदगीराम यादव, हर्ष चतुर्वेदी, युद्धवीर चौहान, विनोद त्यागी, अमित त्यागी, महेश अवाना, गिरिजा सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता, गिरीश कोटनाला, विनोद शर्मा, राजकुमार झा, प्रमोद बहल, अमरीश त्यागी, चमन अवाना, उमेश यादव, ओमवीर अवाना, रामनिवास यादव, शारदा चतुर्वेदी, राजेन्द्र अवाना, प्रदीप चौहान, मनीष तिवारी, रामकिशन यादव, गौतम शर्मा, दिनबंधु, सत्यनारायण महावार, नीरज चौधरी, प्रज्ञा शर्मा, शिवांश श्रीवास्तव, विपुल शर्मा, अर्पित मिश्र, भूपेश चौधरी, राहुल शर्मा, मुक्तानंद शर्मा, रामेश्वर यादव, पिंटू यादव, गोपाल गौड़, पंकज झा, अजीत पांडे, सुनीता शर्मा, बबलू यादव, अशोक मिश्रा, नरेश शर्मा, मनोज चौहान, रिंकू तंवर, पंकज त्रिपाठी, नमिता चौबे, अभिषेक तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंजाबी मंच ने मनाया शहीदी दिवस



**नोएडा ( चेतना मंच )।** कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर-56, नोएडा में पंजाबी विकास मंच द्वारा अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव थापर की 94वें शहीदी दिवस पर सभा का आयोजन किया गया।

सभा के मुख्य अतिथि पंजाबी विकास मंच के चेयरमैन दीपक विग ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस आयोजन में नोएडा के पंजाबियों ने सर्वप्रथम माल्र्यापण कर शहीदे आजम भगत सिंह को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी विकास मंच के अध्यक्ष गुरिन्दर बंसल ने की। कार्यक्रम का संचालन पंजाबी विकास मंच के डिप्टी चेयरमैन संजीव पुरी ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दीपक विग ने कहा कि शहीद भगत सिंह जब 12 वर्ष के थे तब जालियावाला बाग हत्याकांड़ हुआ था। 1920 के महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन से प्रभावित होकर भगत सिंह ने 1921 में स्कूल छोड़ दिया था तभी लाला लाजपत राय ने लाहौर में नेशनल कालेज कि स्थापना की थी। इसी कालेज में भगत सिंह ने भी प्रवेश लिया।

लाला लाजपत राय के नेतृत्व में 1928 में एक जुलूस साईमन कमीश्न के विरोध में प्रदर्शन कर रहा था। इस व्यापक विरोध को देखकर सहायक अधीक्षक सांडरस ने लाला लाजपत राय पर अनेक वार किये। 17 नवंबर 1928 को लाला जी का देहांत हो गया। भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव, चन्द्रशेखर आजाद और जयगोपाल ने सांडरस को मारकर लाला लाजपत राय की मौत का बदला ले लिया। सांडरस की हत्या ने भगत सिंह को पूरे देश का लाड़ला नेता बना दिया।

इस अवसर पर डिप्टी चेयरमैन संजीव पुरी, जेएम सेठ, एसपीकालरा, अमरदीप शाह, संजय खत्री, अजय साहनी, श्रीमति प्रभा जैरथ, सरोज भाटिया, अलका सूद, सुषमा नैब, अमरजीत कौर, अचल जैन, सुनील वर्मा, सोमदत्त अन्य गणमान्य लोगों ने भी श्रद्वासुमन अर्पित किये।

# देश के संसाधनों पर हर वर्ग व धर्म का अधिकार : अवाना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-35 स्थित मोरना गांव में भारतीय सोशलिस्ट मंच ने शहादत दिवस और लोहिया जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामे प्रधान ने तथा मंच का संचालन जिलाध्यक्ष देवेन्द्र गुर्जर ने किया। इस अवसर पर भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव और डॉ. राम मनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



इस अवसर पर मंच के प्रदेश प्रभारी देवेंद्र अवाना ने कहा कि देश में जिस तरह से नफरत का माहौल बनाकर देश का भाईचारा बिगाड़ा जा रहा है। ऐसे में आजादी के दीवानों की विचारधारा पर काम करना जरूरी हो गया है। लोगों को यह समझाना जरूरी है कि जब हिन्दू मुस्लिम ने एक थाली में खाना खाया तब देश आजाद हुआ। आजाद देश में संसाधनों पर हर वर्ग और धर्म का अधिकार है। देश की आजादी की लड़ाई हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई सभी ने मिलकर लड़ी थी।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र गुर्जर, प्रदेश सचिव नरेन्द्र शर्मा, प्रदेश सचिव हीरालाल यादव,अजय एडवोकेट राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह राजपूत चीफ इंजीनियर राजपाल सिंह, रामे प्रधान, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा बलराज बैसोया नरेश पवार चोधरी राजवीर सिंह,संजय प्रधान राजकुमार एडवोकेट प्रदेश सचिव सन्नी गुर्जर, पवन विक्की तंवर सिंह, महराजूदीन उस्मानी, मौ यामीन, मोहसिन सैफी,शाहील खांन, मौ तस्लीम, देवेन्द्र खारी, सत्यपाल सिंह गौरव मुखिया शालनी खारी हीरालाल यादव बलिया, रीजवाना ओसामा आलम सुरज सिंह सलीमुद्दीन मेवाती सबील सेबी सुधार पाण्डेय,भीम सिंह जाटव आदि सैकड़ों साथी उपस्थित रहे।

# शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान हमेशा याद रखें : केशव प्रसाद मौर्या

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद गौतमबुद्धनगर भ्रमण के दौरान आम्रपाली इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्राम बंबावड़ दादरी में पहुंचकर राजा जैतसिंह की 310वीं जयंती एवं मां पन्नाधाय की 535वीं जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप सम्मलित हुये। इस अवसर राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, सांसद लोकसभा अमरोहा चौधरी कवर सिंह तवंर, विधायक दादरी तेजपाल नागर, विधायक जेवर धीरेन्द्र सिंह, विधायक लोनी नंद किशोर गुर्जर, विधायक नकुड़ कीरत सिंह, विधायक गंगोह मुकेश चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष हापुड़ रेखा रानी एवं राजा नैन सिंह ट्रस्ट के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा उप मुख्यमंत्री को सामुहिक रूप से फूलमाला पहनाकर एवं पगड़ी बॉधकर भव्य स्वागत किया तथा उनके जीवन परिचय पर लेखन चित्र भी भेंट किया गया।





उप मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित जयंती समारोह में उपस्थित जनसभा को सम्बोधित करते हुये विरांगना मां पन्नाधाय के बलिदान की अमर गाथा का विस्तार से वर्णन करते हुये राजा जैतसिंह, मां पन्नाधाय, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू के बलिदान जयंती एवं डा0 राम मनोहर लोहिया की जन्म जयंती पर उनको नमन किया। उन्होंने कहा कि हमें वीर शहीदों के बलिदानों एवं स्वतंत्रता सेनानी के योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए क्योंकि उन्होंने जो दर्द, कष्ट और विपरीत परिस्थितियॉ झेली है, उन्हें शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गनिर्देशन में भारत तेजी के साथ विकास कर रहा है। देश में सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन का उत्थान हो रहा है। उन्होंने जनसामान्य को केन्द्र सरकार के 10 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के सम्बन्ध बताते हुये बधाई दी तथा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी भी दी। आयोजित जयंती समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पॉच महिलाओं को उप मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा, डीसीपी रवि शंकर निम, शक्ति मोहन अवस्थी, सिटी मजिस्ट्रेट विवेकानन्द मिश्र, उप जिला अधिकारी अनुज नेहरा एवं सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिल्प हॉट में दिखेगी उत्तर प्रदेश के विकास की झलक

## 25 से 27 मार्च 2025 तक मेला होगा आयोजित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेवा, सुरक्षा व सुशासन कि दिशा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 10 वर्ष एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश के समस्त जनपदों में आगामी 25 मार्च से 27 मार्च 2025 तक तीन दिवसीय मेले आयोजित किये जा रहे हैं।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आगामी 25 मार्च से 27 मार्च 2025 तक शिल्प हॉट सेक्टर 33ए नोएडा में केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर आधारित तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्घाटन जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में करेंगे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की दिशा में 8 वर्ष पूर्ण होने पर प्रकाशित विकास पुस्तिका का विमोचन तथा प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनपद के पत्रकार बंधुओ के साथ वार्ता भी करेंगे। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि जनपदवासियों के पास केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, लाभार्थीपरक योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों, लोकार्पित एवं शिलान्यास की गई परियोजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ उठाने का सुनहरा अवसर है, क्योंकि तीन दिवसीय आयोजित होने वाले इस मेले में जनपद के समस्त विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों को लेकर स्टॉल लगाकर आम जनमानस को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी एवं पात्र व्यक्तियों को योजनाओं के लाभ से मौके पर ही आवेदन कराते हुए लाभान्वित भी कराया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि तीन दिवसीय मेले में प्रत्येक दिन यू0पी0 भारत का ग्रोथ इंजन थीम पर आधारित विचार गोष्ठी/संवाद सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। अन्नदाता किसान की समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना विकास, युवा एवं रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओडीओपी, सुरक्षित उद्यमी-समृद्ध व्यापार तथा अंत्योदय से सर्वोदय (समाज कल्याण, पेंशन, राशन आदि) थीम पर होने वाले इन विचार सत्रों में संबंधित क्षेत्र के ख्यातिलब्ध जनों को वक्त के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन दो सत्र आयोजित होंगे एवं सत्रों के अंतराल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने का यह सुनहरा अवसर है, इसलिए आप सब अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय मेले का लाभ उठाएं।

# डीडीडब्ल्यूए फेडरेशन का शपथ ग्रहण समारोह




**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-51 नोएडा के डायमंड क्रॉउन बैंक्विट हॉल में आरडब्लूए की प्रतिनिधि संस्था डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (डीडी आरडब्लूए, फेडरेशन) गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश के त्रिवार्षिक चुनाव (2025- 28) की चुनी गई नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के जज अजय त्यागी द्वारा डीडी आरडब्लूए फेडरेशन की नवनिर्वाचित टीम को शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर नोएडा के विधायक पंकज सिंह, भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष महेश चौहान, पूर्व विधायक और महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम, पूर्व राज्य मंत्री महेश चौहान, रवि मिश्रा, नोएडा अथॉरिटी से ओएसडी इंदु प्रकाश, ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी से जनरल मैनेजर राकेश देव की गरिमामय उपस्थिति रहे।

इस अवसर पर शहर भर की आरडब्लूए और सामाजिक संगठनों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिनमें विशेषकर महेश सक्सेना, के के गौतम, सुशील अग्रवाल, ए एन धवन, एमएसएमई के अध्यक्ष सुरेंद्र नहाटा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र राणा, नोफा अध्यक्ष राजीव सिंह और महासचिव प्रोफ़ेसर राजेश सहाय, FONRWA के फाउंडर महासचिव पीएस जैन, रंजन तोमर, अशोक श्रीवास्तव एवं अन्य मौजूद रहे।

